वर्ष-10, अंक-163

इन्दौर, मंगलवार
10 सितम्बर 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.


दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761


**चाणक्य नीति**

हम अपना हर कदम फूंक फूंक कर रखे. हम छाना हुआ जल पिए. हम वही बात बोले जो शास्त्र सम्मत है. हम वही काम करे जिसके बारे हम सावधानीपूर्वक सोच चुके है.

-चाणक्य




इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com


## खुदखुशी को ना अपनाएगा

तराशने की उम्र में
जो बस तड़प जाए
वो जवानी क्या जवानी
जो ना खुद महक पाए

उम्र के उस दौर में
जो तुम ना संवर पाए
क्या करोगे आगे तुम
ठोकर में ना संभल पाए

सीखो जरा इस जीवन से
क्या होता है सब्र करना
जिसने जीवन खो दिया
क्या होता है कद्र करना

तुम सीखो उस पल की कीमत
जो दो पल का जीवन जी रहा
तुम सीखो उन सांसो की कीमत
जो चंद सांसे गिन रहा


ऐसे कीमती जीवन को
तुम यूंही ना उजाड़ दो
दो पल के जोश में
तुम यूंही ना बिगाड़ दो

खुद को संभालो आगे बड़ो
कैसे ना अच्छे दिन आए
हर अंधेरी रात के बाद
केसे ना सूरज चढ़ आए

ये जीवन है धूप छाया
सुख और दुख का साया
दोनो में तुम सम रहो
ना फंसो सब मोह माया

जीत हो या फिर हो हार
जीवन जीया ये जायेगा
चाहे कुछ भी हो हालात
खुदखुशी ना अपनाएगा

**डॉ. प्रियंका शर्मा**
**उदयपुर**
**(राजस्थान)**



विदेश की धरती से फिर PM Modi पर बरसे Rahul Gandhi, कहा-

# 'लोकसभा नतीजों के बाद लोगों ने बीजेपी से डरना बंद कर दिया'

**टेक्सास (एजेंसी)।** टेक्सास के डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव के बाद संसद में अपने पहले भाषण में उन्होंने अभयमुद्रा का उल्लेख किया, जो सभी भारतीय धर्मों में मौजूद निडरता का प्रतीक है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा इसे बर्दाश्त या समझ नहीं सकती। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरएसएस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद से लोगों में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डर खत्म हो गया है। टेक्सास के डलास में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव के बाद संसद में अपने पहले भाषण में उन्होंने अभयमुद्रा का उल्लेख किया, जो सभी भारतीय धर्मों में मौजूद निडरता का प्रतीक है। उन्होंने दावा



किया कि भाजपा इसे बर्दाश्त या समझ नहीं सकती। उन्होंने कहा, ''दूसरी बात यह हुई कि भाजपा का डर खत्म हो गया। हमने देखा कि चुनाव परिणाम आने के कुछ ही मिनटों के भीतर भारत में कोई भी भाजपा या भारत के प्रधानमंत्री से नहीं डरता था। इसलिए ये बहुत बड़ी उपलब्धियां हैं, राहुल गांधी या कांग्रेस पार्टी की नहीं। ये भारत के लोगों की बड़ी उपलब्धियां हैं जिन्होंने लोकतंत्र को महसूस किया है, राहुल गांधी ने कहा।

## यूपी में अपराधी को संरक्षण और निर्दोष को प्रताड़ना: प्रियंका

**रायबरेली (एजेंसी)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी को संरक्षण और निर्दोष को प्रताड़ना मिल रही है। श्रीमती वाड्रा ने रविवार देर शाम फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिये लुटेरों की जगह निर्दोष को ही गैरकानूनी तरीके से फंसाने का आरोप लगाते हुये रायबरेली पुलिस को लताड़ लगाई है। उन्होने एक खबर का हवाला देते हुये आरोप लगाया कि पिछले दिनों एक जनसुविधा केंद्र के संचालक रवि चौरसिया के साथ आठ लाख रुपये की लूट हुई थी जिसके रुपये से भरे बैग को बदमाशों ने छीन लिया था लेकिन किन्ही कारणों से लुटेरे उस बैग को रास्ते मे छोड़ कर भाग निकले।

## मणिपुर हिंसा की आंच राजभवन तक पहुंची

**इंफाल (एजेंसी)।** मणिपुर में जारी हिंसा की आंच अब राजभवन तक पहुंच गई है। राजधानी इंफाल में सोमवार को सैकड़ों की संख्या में प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने राजभवन पर पत्थरबाजी कर दी। ऐसे में सुरक्षाकर्मियों को जान बचाने यहां-वहां भागना पड़ा है। पुलिस और सुरक्षाबलों ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों को बैरिकेड लगाकर रोकने की कोशिश की। वहीं कई राउंड आंसू गैस के गोले दागे और रबर बुलेट का इस्तेमाल किया। इस कार्रवाई में करीब 20 छात्र घायल हो गए। गौरतलब है कि मैतेई समुदाय से आने वाले छात्र मणिपुर में अचानक बढ़ी हिंसक घटनाओं के खिलाफ 8 सितंबर से ही प्रदर्शन कर रहे हैं। इस प्रदर्शन में उनका साथ स्थानीय लोगों ने भी दिया है।

# शिंदे गायब, तो कहीं 'CM' लापता, फडनवीस बने देवा भाऊ

## अपनी ही सरकार की स्कीम पर लड़ रहे बीजेपी-NCP-शिवसेना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही सियासी गलियारों में हलचल पैदा हो गई है. हालांकि सबकी नजर महायुति गठबंधन पर है. इस गठबंधन में बीजेपी, एनसीपी और शिव सेना शामिल हैं.



लेकिन इन दिनों गठबंधन में तालमेल बना पाना मुश्किल होता जा रहा है. सरकार की प्रमुख योजनाओं के प्रचार और क्रेडिट लेने पर विवाद गहराता जा रहा है. मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के विज्ञापनों से सीएम एकनाथ शिंदे की तस्वीर हटाने के फैसले ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर तनाव पैदा कर दिया है. दरअसल 28 जून को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने राज्य का वार्षिक बजट पेश किया, जिसका मुख्य आकर्षण मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना थी. 24 घंटे से भी कम समय बाद, मुंबई और ठाणे जिले में इस योजना के पोस्टर लगाए गए, जिनमें बीच में सीएम एकनाथ शिंदे की तस्वीर प्रमुखता से दिखाई गई. इनमें से किसी भी पोस्टर में, जिन्हें जल्दी से डिजाइन और पोस्ट किया गया था, उप-मुख्यमंत्रियों, भाजपा के देवेंद्र फडणवीस या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार की तस्वीरें नहीं थी.

यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि यह अचानक लिया गया कदम था या किसी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा था. लेकिन इस कदम ने भाजपा और एनसीपी के पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को झकझोर कर रख दिया. जिन्होंने शिंदे को इस योजना का एकमात्र चेहरा बनाने की शिवसेना की चाल को मंजूरी नहीं दी. दो महीने से अधिक समय से चल रही इस योजना को लेकर सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के भीतर मतभेद 5 सितंबर को साप्ताहिक कैबिनेट बैठक में फिर से उभर गए।

## डॉक्टरों की हड़ताल से 23 लोगों की अब तक हुई मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि अगस्त में कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के बाद डॉक्टरों की हड़ताल के परिणामस्वरूप 23 लोगों की मौत हो गई है। 31 वर्षीय प्रशिक्षु डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बाद पश्चिम बंगाल का प्रतिनिधित्व कर रहे सिब्बल ने कहा कि राज्य सरकार ने जांच की स्थिति रिपोर्ट दाखिल कर दी है। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि उन्हें रिपोर्ट नहीं मिली है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली पीठ ने उस रिपोर्ट की समीक्षा की जो सीलबंद कवर में प्रस्तुत की गई थी।

जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे, गीत गाने वाले

# कन्हैया मित्तल कांग्रेस में जाएंगे, भाजपा हैरान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हम आपको बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनावों में कन्हैया मित्तल भी भाजपा की ओर से उम्मीदवारी चाह रहे थे लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो उन्होंने कांग्रेस से नजदीकियां बढ़ानी शुरू कर दी हैं।



बताया जा रहा है कि वह जल्द ही कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। साल 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए कन्हैया मित्तल का गाना जो राम को लाये हैं हम उनको लाएंगे एक तरह से राजनीतिक संजीवनी साबित हुआ था। कन्हैया मित्तल के इस गीत में एक लाइन यह भी थी कि योगी ही आये हैं योगी ही आयेंगे, यह लाइन मतदाताओं के दिल-दिमाग पर ऐसे चढ़ी कि सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए योगी ने उत्तर प्रदेश की सत्ता में वापसी कर ली। इसके बाद तो देश में किसी राज्य में उपचुनाव हो या चुनाव, कन्हैया मित्तल का यह गाना भाजपा की चुनावी रैलियों में जोश पैदा करने लगा।

## पांच हजार रुपये की इनामी महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मामले की जानकारी देते हुए मीणा ने बताया कि 24 सितंबर 2022 को एक महिला ने हीरे का सेट, कान की बाली और सोने की चेन चोरी होने का मामला आरके पुरम थाने में दर्ज कराया था। दिल्ली पुलिस ने चोरी के एक मामले में बेंगलुरु से 37 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है, जो एक घोषित अपराधी है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि महिला पर 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महिला को पिछले साल 27 फरवरी को भगोड़ा अपराधी घोषित किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने बताया, हमारी टीम ने महिला को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ चोरी का मामला दर्ज है।

मामले की जानकारी देते हुए

# ड्रोन हमलों के खिलाफ इंफाल में प्रदर्शन, पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे

**इम्फाल (एजेंसी)।** प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा हाल में किए गए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए तथा घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने में अधिकारियों की ''अक्षमता'' की निंदा की।



मणिपुर में हाल में हुए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए रैली निकालने के बाद, रविवार रात इंफाल में राजभवन और मुख्यमंत्री के बंगले के निकट पहुंचे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के कई गोले दागे। हजारों लोगों ने टिडिम रोड पर तीन किलोमीटर से अधिक दूरी तक मार्च किया और जब पुलिस ने उन्हें रोका, तो वे कड़ी सुरक्षा वाले क्षेत्र की ओर बढ़ गए। राज्य और केंद्रीय बलों की एक टुकड़ी ने सड़क पर अवरोधक लगा दिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले भी दागे।

घटनास्थल पुलिस मुख्यालय, राज्य सचिवालय और भाजपा कार्यालय के निकट है। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा हाल में किए गए ड्रोन हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए तथा घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने में अधिकारियों की ''अक्षमता'' की निंदा की। उन्होंने ड्रोन हमलों को रोकने में कथित रूप से विफल रहने के लिए राज्य के पुलिस महानिदेशक को पद से हटाने की मांग करते हुए नारे लगाए।

## कर्नाटक के तुमकुरु जिले में सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत

**कर्नाटक (एजेंसी)।** कर्नाटक के तुमकुरु जिला स्थित मधुगिरी तालुका में रविवार को दो कारों की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों में से तीन लोग एक ही परिवार के सदस्य हैं जो एक कार में यात्रा कर रहे थे, जबकि शेष दो व्यक्ति दूसरी कार में सवार थे। उसने बताया कि मृतकों में तीन पुरुष, आठ वर्षीय एक बच्चा और एक महिला शामिल हैं। हादसे में घायल हुए एक बच्चे समेत चार लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि घटना के सिलसिले में मधुगिरी पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है।

# घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादी मारे गए

**युद्ध में इस्तेमाल होने वाले कुछ सामान बरामद**

**कश्मीर (एजेंसी)।** भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नौशेरा शहर के लाम के सामान्य क्षेत्र में रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को शुरू किए गए घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादी मारे गए। नौशेरा में घुसपैठ विरोधी अभियान- भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास नौशेरा शहर के लाम के सामान्य क्षेत्र में रविवार और सोमवार की मध्यरात्रि को शुरू किए गए घुसपैठ विरोधी अभियान में दो आतंकवादी मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार, बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है क्योंकि संदेह है कि गोलीबारी में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए हैं।



### युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए

संभावित घुसपैठ के प्रयास के बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस (जेकेपी) से मिली खुफिया सूचनाओं और सूचना के आधार पर भारतीय सेना ने अभियान शुरू किया। सुरक्षा बलों ने बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे सामान भी बरामद किए। भारतीय सेना ने एक एक्स पोस्ट में कहा, दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है और दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित बड़ी मात्रा में युद्ध जैसे सामान बरामद किए गए हैं। तलाशी अभियान जारी है।

# यूक्रेन का रूस पर आग उगलने वाले ड्रोन से हमला, रूस के छूटे पसीने

**कीव (एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन का युद्ध अपने चरम पर है. दोनों देश लगातार एक-दूसरे पर ड्रोन और मिसाइल से हमले कर रहे हैं. लेकिन, सबको चौंकाते हुए यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले हिस्सों पर एक ऐसे ड्रोन से हमला कर रहा है।

जो मानो आग उगलता हो. इसे 'ड्रैगन ड्रोन' नाम दिया गया है. इसकी खासियत यह है कि यह पलक झपकते ही जंगल के पेड़ों को जलाकर खाक कर देता है. इस प्रकार के लावा का पहली बार प्रयोग जर्मनी ने वर्ल्ड वॉर-I और वर्ल्ड वॉर-II में किया था. यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो शेयर किया गया है. कम ऊंचाई पर उड़ते हुए ड्रोन और रूस के कब्जे वाले भाग के जंगल के पेड़ों पर पिघला हुआ लावा बरसा रहा है. यह लावा एल्युमिनियम पाउडर और आयरन ऑक्साइड का सफेद गर्म मिश्रण होता है. इसे थर्माइट भी कहते हैं. यह लगभग 4000 डिग्री फारेनहाइट या 2200 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर पिघला होता है.



### पेड़ो को जलाकर खाक कर देगा

यूक्रेन ने बताया अगर ये ड्रोन के आग रूस के सैनिकों को अगर मार नहीं सकता तो उनको कवर देने वाले पेड़ों और वनस्पतियों को जलाकर खाक कर देता है. वहीं, यूक्रेन ड्रेन में लावा बरसाने वाले पंख आसमान से हमारे बदले की आग को बरसाते हैं. वहीं, यह ड्रोन इतने इक्यूरेसी के साथ आग बरसाता है, जो कोई भी दूसरा हथियार नहीं कर सकता है.

### युद्ध में आग लगाने वाला हथियार

थर्माइट आसानी से लगभग किसी भी चीज को जला सकता है. यहां तक कि लोहे को भी. इससे बचाना नामुमकिन है. इसकी खोज 1890 के दशक में एक जर्मन वैज्ञानिकों ने की थी. इसका प्रयोग रेल की पटरियों को वेल्ड करने के लिए किया जाता था. लेकिन, जर्मनी तब मित्र राष्ट्रों पर जहाज हवा में से इसे गिरा कर अपने दुश्मनों को तबाह करता था, बाद उनके तोपखानों को तबाह करने के लिए भी प्रयोग करने लगा था. वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने इसके उपयोग पर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि इसके उपयोग से पर्यावरण को काफी नुकसान हो सकता है.

# बारिश से 9 लोगों की मौत

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में औसतन 1.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। राहत विभाग के अनुसार, 75 जिलों में से छह में अधिक बारिश दर्ज की गई, जिसमें मथुरा जिले में सबसे अधिक 31.8 मिमी बारिश दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में बारिश से संबंधित घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई।

राहत विभाग के अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। राहत विभाग के अनुसार, ललितपुर में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि बारिश से संबंधित घटनाओं में प्रतापगढ़, अलीगढ़ और सिद्धार्थ नगर जिलों में दो-दो लोगों की मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि यह मौतें शनिवार शाम 6.30 बजे से रविवार शाम 6.30 बजे के बीच दर्ज की गई। उत्तर प्रदेश में पिछले 24 घंटों में औसतन 1.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। राहत विभाग के अनुसार, 75 जिलों में से छह में अधिक बारिश दर्ज की गई, जिसमें मथुरा जिले में सबसे अधिक 31.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## संपादकीय

# ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए भी हिंसा का समाधान क्यों नहीं ?



*मणिपुर में फिर भड़की हिंसा में 06 लोगों की मौत हो गई। वर्तमान में भड़की हिंसा ने राज्य की स्थिति को और गंभीर बना दिया है। बिष्णुपुर जिले में हुए ड्रोन और रॉकेट के हमले ने मणिपुर में दोनों समुदायों के बीच तनाव को और बढ़ा दिया है। इस प्रकार की घटनाएँ राज्य की आंतरिक एवं बाहय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गई है। मणिपुर की घटनाएं मानवता के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाती हैं। राज्य में मेतेई और कुकी समुदाय के बीच टकराव का लंबा सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। स्थानीय निवासियों के बीच अविश्वास और विभाजन की गहरी खाई ने राज्य में शांति की संभावनाओं को एक तरह से खत्म कर दिया है। दोनों ही समुदाय के बीच में विश्वास पैदा नहीं हो पा रहा है। मणिपुर में शांति स्थापित करने के लिए सुरक्षा बलों की कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। सरकार को समझना होगा, इस समस्या का समाधान सैन्य शक्ति से नहीं वरन दोनों समुदायों के बीच विश्वास और भाईचारा बढ़ाकर ही हो सकता है। इसके लिए राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर ठोस कदम उठाने होंगे। ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का उपयोग हिंसा में किया जा रहा है। जो चिंताजनक है। घातक हथियारों का इस्तेमाल नागरिक इलाकों में एक दूसरे समुदाय पर डर का माहौल बनाने के लिए किया जा रहा है। इससे स्थानीय लोग भयभीत हैं। उनका जीवन संकट में है। हजारों लोग हिंसा से प्रभावित होकर पिछले एक साल से शिवरों में रह रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे और महिलाएं भूख और कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। सालभर से स्कूल कॉलेज बंद हैं। एक समुदाय के लोग दूसरे समुदाय के इलाकों में नहीं जा सकते हैं। अस्पतालों मे लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। मणिपुर में जो अस्पताल हैं, उस अस्पताल में दूसरे समुदाय के डॉक्टर नर्सिंग स्टाफ इत्यादि सेवा के लिए नहीं जाते हैं। जिसके कारण अस्पतालों में इलाज नहीं हो रहा है। यही हालत लगभग-लगभग स्थानीय पुलिस की है। सुप्रीम कोर्ट ने एक साल पहले एसआईटी बनाई थी। सीबीआई जांच कर रही है। मुख्यमंत्री को अभी तक नहीं हटाया गया है।*

# अदम गोंडवी : सत्ता और समय से मुठभेड़ करता कवि

तुम्हारी फाइलों में गाँव का मौसम गुलाबी है,

मगर ये आंकड़े झूठे हैं ये दावा किताबी है।

सरकार के नाकामी के खिलाफ जब भी कोई बात आती है, तो अदम गोंडवी का नाम सबसे पहले याद आता है। अदम गोंडवी ने सत्ता पक्ष की नाकामियों पर कटाक्ष किया है। उन्होंने अपनी कविता में यह दिखाने का प्रयास किया है कि सरकार किस तरह अपनी जिम्मेदारियां से मुंह मोड़ लेती है, और जनता को बुरे हाल में रहने को विवश करती है।

अदम गोंडवी व्यवस्था के खिलाफत में लिखने वाले कवि हैं। आजादी के बाद जिस तरह व्यवस्था के ख़िलाफ़ साहित्य लिखा गया वह राजनीति से जनता के मोहभंग का ही परिणाम था। स्वतंत्रता के बाद पहले से चला आ रहा आक्रोश का स्वर राजनीतिक विसंगतियों के पर्दाफाश पर केन्द्रित हो गया। अदम गोंडवी उन स्वातंत्रोत्तर कवियों में विशिष्ट स्थान रखते हैं, जिन्होंने आम जनता के पक्ष में राजनीति के कठमुल्लों की बड़ी निडर आलोचना की है। अदम गोंडवी का जन्म सन 1947 में उत्तर प्रदेश राज्य के गोंडा जिले में हुआ था।

राजनीतिक चेतना- आज़ादी के बाद देश की राजनीतिक-विसंगतियों पर हिंदी कविता अपने तरीके से क़रारा प्रहार करने की मुहिम चलाती आयी है। अदम गोंडवी भी इसी मुहिम के सशक्त हस्ताक्षर हैं। देश में आज़ादी आने के बाद किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ। दलितों और हाशिए पर रहे समाजों की हालात जस की तस बनी रही। दलित-पिछड़ों के जीवन में तनिक बदलाव नजर नहीं आया था। वे लिखते हैं -


सौ में सत्तर आदमी फ़िलहाल जब नाशाद है,

दिल पे रखकर हाथ कहिए देश क्या आज़ाद है

अदम गोंडवी ने राजनीतिक-सत्ता की विसंगतियों पर जबर्दस्त प्रहार किया है। राजनीतिक में पैसे और गुंडागर्दी के बल पर ग्राम्य स्तर पर होने वाली गंदी राजनीति का भी पर्दाफाश किया है। किसी तरह कुर्सी पकड़ो अभियान में सफल हुए एवं राजनीति में अपनी पैठ जमाने वाले लोगों पर अदम की धक्कामार टिप्पणी है-

जितने हरामखोर थे कुर्बो -जवार में,

परधान बनकर आ गए अगली कतार में




जनता के खून-पसीने की कमाई पर अधिकार करके सत्ता और देश के पूँजीपति, सेठ, अमीर भोग-विलास कर रहे हैं और जनता भुखमरी के साये में है! ऐसे पूँजीपतियों, जिनमें सत्ता-वर्ग भी शामिल है, को संबोधित करते हुए अदम कहते हैं कि मजदूरों, श्रमिकों एवं किसानों की मेहनत से ऐ पूँजीपतियों तुम्हारे इन महलों में रौनक बिराजती है। यह श्रमिक वर्ग ही भारत के भाग्य का विधाता है।

वो जिसके हाथ में छाले हैं पैरों में बिवाई है

उसी के दम से रौनक आपके बंगले में आयी है

अदम गोंडवी ने अपने समय और परिवेश के नग्न यथार्थ को बिना लाग-लपेट के प्रस्तुत किया है। ज़िंदगी की बेबसी को व्यक्त करते है। अमीर आदमी के लिए जिंदगी तो एक आराम की चीज है पर गरीब आदमी के लिए जिंदगी एक कहर बनकर रहती है। वह हर समय परेशानियों से गुजरता रहता है। वे लिखते हैं -

आप कहते हैं सरापा गुलमुहर है ज़िन्दगी

हम ग़रीबों की नज़र में इक क़हर है ज़िन्दगी।

अदम की रचना 'चमारों की गली' जो अपने ही गाँव में घटी एक सच्ची घटना पर आधारित है 'अमृत-प्रभात' के रविवारीय परिशिष्ट में छपी थी, सन् 1973 में घटी इस घटना के प्रतिकार में अदम ने लिखा था-

आइए, महसूस करिए जिंदगी के ताप को

मैं चमारों की गली तक ले चलूँगा आपको

जिस गली में भुखमरी की यातना से ऊबकर

मर गयी फुलिया बिचारी कल कुएं में डूबकर

अदम गोंडवी ने स्त्रियों की दशा पर भी लिखा। एक दलित-स्त्री की विपत्ति की पूरी कहानी तो 'चमारों की गली' कविता के माध्यम से बयान की ही गयी है; इसके अलावा भी उन्होंने कुछ जगहों पर स्त्रियों की दीन हीन दशा बनाने के जिम्मेदार देश व समाज के व्यवस्थापकों पर व्यंग किया है-

ये रोटी कितनी मँहगी है ये वो औरत बताएगी

कि जिसने ज़िस्म गिरवी रखके ये कीमत चुकाई है

अदम ने अपनी शायरी में पात्रों को प्रतीकों के रूप में ग्रहण किया है। उनके अनुसार अभी सन छत्तीस का वही दौर है जब होरी किसान, मजदूर होकर प्राण त्याग देता है। व्यवस्था में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हुआ है। तब महाजनी सभ्यता थी आज धन्नासेठी सभ्यता है। जमीनों की होती निरंतर लूट से किसान बेघर, बेपर और बे देह होता जा रहा है।

बंद कल को क्या किया मुखिया के खेतों में बेगार

अगले दिन ही एक होरी और बेघर हो गया

अदम गोंडवी अपने समय और समाज में घटित होने वाली घटना की तुलना भी करते हैं। दूसरों की मेहनत पर पलने वाले नेतृत्त्व वर्ग की शामें कितनी रंगीन होती हैं, और किसान-मजदूर की कुटिया कितनी ग़मगीन होती है। इधर किसानों को भूख का सामना करना पड़ता है और उधर सत्तानसीनों और पूँजीपतियों की शामें रंगीन होती हैं-

काजू भुनी प्लेट में ह्विस्की गिलास में

उतरा है रामराज विधायक निवास में

अदम गोंडवी ने अपनी कविताओं में जीवन के करारे सच का बड़ी बेबाकी से वर्णन किया है।अदम ख्वाब, चांद-तारे, इश्क़ के आशियाने और आसमान की बातें नहीं करते हैं और ना ही इश्क़ की खुमारी भी उनकी कविताओं में है।उनकी कविताओं में भय, भूख, गरीबी और भ्रष्टाचार का बेखौफ रूप झलकता है। अदम ने अपनी शायरी और कविताओं के माध्यम से जन जागृति का कार्य किया है।

**अखिलेश कुमार मौर्य**
**शोधार्थी, हिंदी विभाग**
**एम. एम. एच. कॉलेज,**
**गाजियाबाद**

## कहानी



# जामुन का पेड़

उवल अपनी मां से बोला, मां मैं कल शहर चला जाऊंगा तो फिर एक महिने बाद ही आना होगा। इसलिए में अपने दोस्त केशव से मिलकर आता हूं,वो भी परसों अपनी नौकरी पर चला जायगा । फिर ना जाने कब मिलना होगा। अभी आता हूं। हां,चला तो जा पर शाम को थोड़ा जल्दी आ जाना,तेरी बुआ आयेगी तुझसे मिलने,हां ठीक है। उवल अभी घर से निकला ही था कि बरसात होने लगी एक बार तो सोचा वापस घर जाकर छाता ले आता हूं। तभी विद्यालय की ओर से आती हुई घंटी की आवाज उवल के कानों में पड़ी,उसने सोचा क्यों ना स्कूल की दीवार के पास खड़ा हो जाता हूं ।जिससे बरसात में भीगने से बच जाऊंगा ।बच्चों के शोरगुल की आवाज ने उसके मन में भी स्कूल के दिनों की याद ताजा कर दी थी। बरसात कुछ देर रुक गई। पर पेड़ो के पत्तो पर ठहरा पानी अभी भी धीरे-धीरे करके टपक रहा था। उवल अब चल पड़ा था। केशव के घर के दरवाजे के पास पहुंचा ही था । कि केशव की बड़ी बहन की लड़की भावना सामने से जामुन खाते हुए आ रही थी। उवल को देखकर थोड़ी शरमाई फिर बोली उवल भईया लो जामुन खा लो। आपकी स्कूल से ही तोड़ कर लाई हूं। उवल ने उसके हाथ से थोडे से जामुन लिए और खाते-खाते अन्दर कमरे में चला गया । केशव अपने कपड़ों को समेट रहा था। उवल को देखते ही बोला उवल ये ले कमीज मैं तेरे लिए लाया था। उवल ने कहा ठीक वैसी ही है जैसे तूने अभी पहन रखी है। क्या बात है आज अपने बचपन के दोस्त पर बड़ा प्रेम आ रहा है। प्रेम नही आ रहा वो तु हर बार मुझे पूछता है ना मेरे लिए क्या लाया,मेरे लिए क्या लाया। इसलिए सोचा तुझे भी कुछ उपहार दे दू । बस ऐसे ही अरे, तु तो बड़ा दिल वाला निकला । ले पहले जामुन खा ले। जामुन कहा से लाया ।अरे,भावना ने तुझे नहीं दिए । अच्छा यार भावना को भी इस साल किसी अच्छे से महाविद्यालय में दाखिला दिलवाना है। उवल,समय कितनी जल्दी पंख लगाकर उड़ जाता है। पता ही नहीं चलता है। हां यार देखो ऐसा लगता है जैसे कल की ही बात है। ये जामुन भी भावना स्कूल से तोड़ कर लाई है। उवल बोला स्कूल से हां वो पेड़ जो कल तक हमारी जिज्ञासा का विषय बना रहता था। तुम्हे याद है ना वो जामुन के पेड़ का किस्सा, हां यार कैसे याद नही होगा। चल वही चलते है। हां चल। स्कूल की छुट्टी होने की घंटी बज रही थी। उवल और केशव स्कूल के गेट के बाहर खड़े थे। बच्चे उछल कूद करते हुए जामुन के पेड़ से जामुन तोड़ रहे थे। कुछ बच्चे पेड़ पर चढ़े हुए थे और कुछ बच्चे जमीन पर बिखरे जामुनों को पानी से



धो धो कर खा रहें थे और एक दुसरे को अपनी जीभ दिखा रहे थे । ये देखो मेरी जीभ जामुनी हो गई। बच्चों को देखकर उवल बोला तुझे पता है। ये जामुन का पेड़ कौन लाया था । हां,घनश्याम गुरुजी लाएं थे। उस साल हम दोनों दूसरी कक्षा में थे। गुरुजी ने कहा बच्चों मैं तुम्हें एक पेड़ का जीवन चक्र कैसे चलता है। ये समझाने के लिए जामुन का पेड़ लाया हूं। सभी बच्चे चाहते थे कि जामुन का पेड़ स्कूल परिसर में लगे पर गुरुजी ने जामुन का पेड़ स्कूल की दीवार के बाहर लगाया। हां और मैं हर दूसरे महीने गुरुजी से कहता गुरुजी इस पेड़ पर जामुन कब आएंगे। हम इस पेड़ से तोड़ कर जामुन कब खायेगे। गुरुजी ने कहा सब्र करो बच्चों सब्र का फल मीठा होता है। हां पर हम सबको तो जामुनी फल नजर आ रहा था। रोज स्कूल में आते ही स्कूल के बाहर लगे जामुन के पेड़ को पानी देते थे।

केशव तेरे बार-बार सवाल करने पर गुरुजी ने तुझे ही इसकी देखभाल करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। गर्मियों की छुट्टीयों में इसमें पानी देने की जिम्मेदारी तुम्हारी थी। हां,और मैं जामुन के लालच में बड़ी ईमानदारी से इसमें पानी देता रहता और इन्तजार करता रहता कि कब इसमें जामुन आयेगे। इस पेड़ के साथ-साथ हम भी बड़े होते रहे। हां पूरे दस साल बाद इसमें जामुन आए थे। हां मुझे याद है। जिस साल इसमें जामुन आएं उसके एक साल पहले ही गुरुजी अपनी स्कूल से सेवानिवृत्त हो चुके थे। और हम भी स्कूल शिक्षा खत्म करके अपने आगे के मार्ग की और बढ़ चुके थे,तुम्हे याद है। घनश्याम गुरुजी के कहने पर मैने वनस्पति विज्ञान लिया था और तूने जामून के पेड़ की निगरानी करने की वजह से वनस्पति विज्ञान लिया था। जामुन के पौधे में पानी देते-देते ना जाने कब मुझे पेड़ पौधो के बारे में जानने की जिज्ञासा हो गई। तुम्हें याद है। गुरुजी से हमने कहा था गुरुजी आप तो जा रहे हो पर गुरुजी जामुन के पेड़ में जामुन नही आएं। गुरुजी मुस्कराए और बोले कुछ पौधे देर से फल देते है। देखना जब भी तुम जामुन खाओगे। मुझे जरूर याद करोगे । ये बात तो सही है । शायद इसलिए गुरुजी ने स्कूल के बाहर इस पेड़ को लगाया था। कि स्कूल से जा चुके विद्यार्थी भी जामुन खा सके। यार उवल गुरुजी ने तो कभी इन पेड़ो पर लगे फल खाएं ही नहीं । क्यो ना हम ये मीठे-मीठे जामुन के फल गुरूजी के पास लेकर चलते है। वैसे भी मैं कल शहर जा रहा हूं। ठीक है ,चल अभी जामुन तोड़ लेते हैं। रुक जरा, मैं घर से जाकर कपड़े का थैला ले आता हूं। भर के लेकर चलेंगे। गुरुजी हमें देखकर बड़े ही प्रसन्न होंगे। हां,तेरी ये बात तो सोलह आना सच है। दोनों दोस्त बड़े प्रसन्न थे। अगली सुबह पहली बस से उवल और केशव गुरूजी के घर पहुंच गए । गुरुजी के घर दरवाजे के बाहर बैठी अम्मा से उवल ने पूछा अम्मा, गुरुजी घर पर है क्या ? अम्मा बोली हां बेटा अंदर बैठे हैं। अखबार पढ़ रहे हैं । केशव बोला अम्मा यह लो आपके लिए मीठे जामुन,अम्मा बोली तुम्हें कैसे पता चला तुम्हारे गुरुजी को डॉक्टर ने जामुन खाने की सलाह दी है। उवल बोला वैसे ही अम्मा जैसे बचपन में गुरुजी को पता चल जाता था कि हमने स्कूल का गृह कार्य नहीं किया। और दोनों दोस्त मुस्कुराने लगे । कमरे के अंदर जाते ही गुरुजी का आशीर्वाद लिया। गुरुजी ने कहा तुम दोनों को आज मेरी याद कैसे आई। बस गुरुजी आपको देखने का दिल किया।


तब तक अम्मा अंदर आ चुकी थी । गुरुजी से बोली देखो बच्चे तुम्हारे लिए थैला भर के जामुन लाएं है। गुरुजी मुस्कुराने लगे और बोले अच्छा आखिर जामुन के पेड़ पर जामुन आ ही गए। उवल बोला, हां गुरुजी आखिर जामुन के पेड़ पर जामुन आ ही गए। गुरुजी उवल की बात पर जोर से ठहाका लगाकर हंस रहे थे। केशव बोला गुरुजी हमें पता चल गया कि आपने स्कूल के बाहर जामुन का पेड़ क्यों लगाया था। जिससे सभी बच्चे इसका लाभ ले सके। अम्मा बोली लो थोड़े जामुन तुम दोनों भी खा लो। गुरुजी की आंखों में संतुष्टि की चमक थी। उवल और केशव गुरुजी के सानिध्य में बैठकर जामुन खा रहे थे।

**डॉ.कांता मीना**

## चिंतन-मनन

# सन्मार्ग की प्रवृत्ति

उत्तम कार्य की कार्य प्रणाली भी प्राय॒ उत्तम होती है। दूसरों की सेवा या सहायता करनी है, तो प्राय॒ मधुर भाषण, नम्रता, दान, उपहार आदि द्वारा उसे संतुष्ट किया जाता है। परन्तु कई बार इसके विपरीत क्रिया-प्रणाली ऐसी कठोर, तीक्ष्ण एवं कटु बनानी पड़ती है कि लोगों




को भ्रम हो जाता है कि कहीं यह दुर्भाव से प्रेरित होकर तो नहीं किया गया। ऐसे अवसरों पर वास्तविकता का निर्णय करने में बहुत सावधानी बरतने पड़ती है। सीधे-सादे अवसरों पर सीधी-सादी प्रणाली से भली प्रकार काम चल जाता है। भूखे, प्यासे की सहायता करनी है, तो वह कार्य अन्न-जल देने के सीधे-सादे तरीके से चल जाता है। किसी दुःखी या अभावग्रस्त को अभीष्ट वस्तुएं देकर उसकी सेवा की जा सकती है। धर्मशाला, कुआं, पाठशाला, अनाथालय, औषधालय आदि द्वारा लोकसेवा की जा सकती है। ऐसे कार्य निश्चय ही श्रेष्ठ हैं और उनकी आवश्यकता व उपयोगिता सर्वत्र स्वीकारी जा सकती है। परन्तु कई बार ऐसी सेवा की भी बड़ी आवश्यकता होती है, जो प्रत्यक्ष में बुराई मालूम पड़ती है और उसे करने वाले को अपयश ओढ़ना पड़ता है। इस मार्ग को अपनाने का साहस हर किसी में नहीं होता।

दुष्ट और अज्ञानियों को उस मार्ग से छुड़ाना, जिस पर वे बड़ी ममता और अहंकार के साथ प्रवृत्त हो रहे हैं, साधारण काम नहीं है। सीधे आदमी की भूल ज्ञान से, तर्क से, समझाने से सुधर जाती है पर जिनकी मनोभूमि अज्ञानान्धकार से कलुषित हो, साथ ही जिनके पास कुछ शक्ति भी है, वे ऐसे मदान्ध हो जाते हैं कि सीधी-सादी क्रिया-प्रणाली का उन पर प्राय॒ कुछ असर नहीं होता। मनुष्य शरीर धारण करने पर भी जिनमें पशुत्व की प्रधानता है, दुनिया में उनकी कमी नहीं है। उन्हें ज्ञान, तर्क, नम्रता, सज्जनता, सहनशीलता से अनीति के दुःखदाई मार्ग से पीछे नहीं हटाया जा सकता। पशु केवल दो चीजें पहचानता है- एक लोभ, दूसरा भय। दाना, घास खिला उसे ललचा कर कहीं भी ले जाइए, वह पीछे-पीछे चलेगा या लाठी का डर दिखा जिधर चाहे उधर ले जा सकते हैं। भय या लोभ से अज्ञानियों को, कुमार्गगामियों को सन्मार्ग में प्रवृत्त किया जा सकता है। भय उत्पन्न करने के लिए दंड का आश्रय लिया जाता है। लोभ के लिए कोई ऐसा आकषर्ण उसके सामने उपस्थित करना पड़ता है जो आज की अपेक्षा अधिक सुखदायी हो। नशेबाजी, व्यभिचार आदि के दुष्परिणाम को बढ़ा-चढ़ाकर, बताकर कई बार उस ओर चलने वालों को इतना डरा दिया जाता है कि वे उसे स्वत॒ छोड़ देते हैं।



## कहानी

# अधूरी मुलाकात



जब हम जेल के भीतर पहुंचे तो अपराह्न हो गया था।जेल की ऊंची चारदीवारी , महिला वार्ड थोड़ा पीछे की ओर बना हुआ था। मेरे निर्देशन में महिला कैदियों पर शोध करती पांच छात्राओं का दल साथ था। इसी सिलसिले में आना हुआ था।

वार्डन छात्राओं से महिला कैदियों का परिचय कराने लगी। छात्राएं कौतूहल पूर्वक , इधर उधर देख रहीं थीं , कुछ सहमी सी। महिला कैदी भी चकित स्थिति भांपने का प्रयास कर रही थी।

चारों ओर रंग बिरंगे फूल खिले हुए थे। कुछ महिला कैदी निराई गुड़ाई में व्यस्त थीं।

एक दुबली पतली कमजोर काया सफेद साड़ी में सिर झुकाए पूरे मनोयोग से पौधों की देखभाल कर रही थी।

आहट पा दुबली काया ने चेहरा उठाया। हम-दोनों एक दूसरे पर नजर पड़ते ही बुरी तरह चौंक गए।सिंधु.. !मैं चिल्लाई।

वह दौड़ती मिट्टी लगे हाथों से मेरे गले लग गई। अद्भुत, अप्रत्याशित मिलन था। तुम यहां .. !वह रोते रोते बोली।

...और तुम... यहां कैसे... !अनेकों प्रश्न हृदय को आलोड़ित करने लगे। हम-दोनों के चारों ओर भीड़ लग गई। मेरी छात्राएं किंकर्तव्यविमूढ़ थी । कहां उनकी फैशनेबल, उच्च शिक्षित ,कटे बालों वाली,महंगी साड़ी, गहरी लिपिस्टिक, जेवरों से सजी, स्मार्ट, चुस्त दुरुस्त प्रतिष्ठित प्रोफेसर और कहां यह अधपके केश वाली , कृशकाय, सांवली जमाने का दर्द समेटे सजायाफ्ता कैदी?

उसने बड़ी बड़ी आंखों से मेरी ओर देखाद्भुउन आंखों में कैसी बेबसी,कैसा दर्द उफ...।

शाम होते ही घंटा बज उठा, मिलने का समय समाप्त हुआ।

अगले सप्ताह आने का वादा कर हमने भारी मन से विदा लिया। सिंधु की आंखें दूर तक हमारा पीछा करतीं रही।हाथ हिलाती सिंधु के मुख पर थोड़ी देर के लिए ही सही परिचित से मिलने की खुशी जरूर थी।

फिर आती हूं... !

पक्का.. !

पक्का... !

वार्डन न?ई थी अतः कुछ विशेष नहीं बता पाई। सिर्फ इतना ही कि,सिंधु हत्या के आरोप में उम्र कैद की सजा काट रही है। वह अन्य कैदियों से बिल्कुल भिन्न है शिष्ट और गम्भीर ।

मैं अतीत के बीस साल पुरानी पन्नों को खंगालती हूं। मैं और सिंधु एक ही स्कूल में पढ़ते थे। मैट्रिक उत्तीर्ण करते ही उसका विवाह किसी फौजी से हो ग?ई थी। और मैं आगे की पढ़ाई पूरी करने के लिए शहर आ गई। मैं सफलता की सीढ़ियां चढ़ती गई । अपने परिश्रम और गुरूजनों के आशीर्वाद से मेरा चयन व्याख्याता के लिए हुआ । वहीं सहपाठी से विवाह कर दो बच्चों की मां बनीं।

सिंधु को मैं विस्मृत कर चुकी थी। अचानक यूं सामना होगा?आखिर उसने किसकी हत्या की और क्यों? संवेदनशील लड़की जो चींटी भी नहीं मार सकती ,किसी का सपने में भी बुरा नहीं सोंच सकती थी उसने ऐसा जघन्य अपराध ...? मैं मनोविज्ञान की शिक्षिका मन-ही-मन तर्क वितर्क करने लगी।

कुछ ऐसा संयोग बना कि हमारा महिला कैदियों से साक्षात्कार का कार्यक्रम टलता ही गया। आज पूरे दो? महीने पश्चात पुनः अपनी शोधार्थी छात्राओं के साथ जेल के महिला वार्ड में पहुंची हूं। कुछ जल्दी ही आ गई हूं सिंधु से बात जो करनी है। मैं उसके लिए कुछ खाने का सामान और कपड़े लेकर आई हूं।

वार्डन हमारा स्वागत करतीं हैं। छात्राएं प्रश्नोत्तरी में लग जाती हैं। मेरी नजरें सिंधु को ढूंढती है।क्या मैं सिंधु से मिल सकती हूं...?

ओह! पंद्रह दिनों पूर्व ही उनका निधन हो गया। अचानक सिर में दर्द उठा और सब-कुछ खत्म... !

क्या ... बिना मुझसे मिले ऐसे कैसे चली गई ...? मेरे हाथों से सामान गिर गया । मैं अचेत हो गई।

स्थिर होने के बाद जो कहानी सामने आई वह दिल दहलाने वाली थी।

हुआ यूं कि सिंधु के विवाह के दूसरे वर्ष ही उसका फौजी पति देश की रक्षा में शहीद हो गया। कमसिन विधवा चित्कार उठी। उसके करूण क्रंदन से गांव -घर, जिला -जवार सभी का कलेजा थर्रा उठा। परन्तु होनी को कौन टाल सकता था।

वह मायके में थी। कुछ दिनों के बाद ससुराल से बुलावा आया बिदा कर दीजिए ...उसका पति नहीं हम तो हैं... !जेठ ने फ़रमान सुनाया।

सिंधु ने मना कर दिया मैं नहीं जाउंगी! ससुर थे नहीं जेठ ने डेरा डाल दिया ।जीप में बैठते ही सिंधु कूद पड़ीनहीं, नहीं किसके लिए जाऊं मैं वहां नहीं जाऊंगी...रोती आंखें ,कराहता हृदय ; वाह रे नियति--! किन्तु जाना ही पड़ा और तीसरे दिन ही अपनी आबरू की रक्षा में कामातुर जेठ को चाकू से गोद डाला।

मैं शहीद की विधवा हूं , कोई पतुरिया नहीं ...यही आखिरी शब्द उसके होंठों से निकले थे।

फिर तो कोर्ट ढ्ढकचहरी , जेल । उसने अपना गुनाह सहर्ष कबूल कर लिया। फिर न वह कभी मायके वालों से मिली न ससुराल वालों से। अपना छलनी कलेजा लिए पहुंच गई अपने फौजी के पास ...;हमारी मुलाकात अधूरी रह गई... !

**--डा उर्मिला सिन्हा रांची**
**झारखंड**

## सार-समाचार

### स्वयं, संबंध और जिम्मेवारी का बैलेंस रखकर ही जीवन का आनंद ले सकते हैं: ब्रह्माकुमारी क्रीना



**इंदौर।** वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य कार्य की अधिकता के कारण अपने संबंधों और उत्तरदायित्वों के बीच संतुलन स्थापित नहीं कर पा रहा है जिसके कारण हमेशा तनाव में रहता है और जीवन का आनंद नहीं ले पा रहा है। वह अपने परिवार, समाज, धर्म, कार्य सबको समय देता है पर स्वयं के लिए समय नहीं है। खुद को समय नहीं देने के कारण जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यदि हमें जीवन का सही आनंद लेना है तो स्वयं, संबंध और जिम्मेवारी का संतुलन आवश्यक है। उक्त विचार ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में चल रहे तीन दिवसीय शिविर ÷सफलता की ओर बढ़ते कदम÷ के प्रथम दिन ÷संबंध और जिम्मेवारी में सामंजस्य÷ विषय पर मुंबई से पधारी स्व प्रबंधन विशेषज्ञ ब्रह्माकुमारी क्रीना दीदी ने रखें। आगे आपने बताया कि जीवन में बैलेंस रखने के लिए स्वयं की वास्तविक पहचान जरुरी है। ÷मैं इस शरीर को चलने वाली चैतन्य ऊर्जा हूं÷, इस स्मृति में रहकर कर्म करना ही मेडिटेशन है। मेडिटेशन से हमारे अंदर रचनात्मकता आती है, जीवन में आने वाली परिस्थितियों के प्रति नजरिया बदल जाता है और परिस्थिति संघर्ष के बदले खेल अनुभव होने लगती है। आपने बताया कि हमारा सबसे पहला रिश्ता स्वयं शरीर के साथ है। जब हम स्वयं का ध्यान रखते हैं तो हमारे अन्य रिश्ते भी खूबसूरत हो जाते हैं, परिवार और कार्य दोनों जिम्मेवारी बखूबी निभा पाते हैं और पूरे विश्व के साथ हमारा प्यारा संबंध जुड़ जाता है।

### प्लंबर फांसी के फंदे पर झूल गया

**इंदौर।** खजराना में नल फिटिंग का काम करने वाले प्लंबर ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसने खुदकुशी क्यों की है यह पता नहीं लगा है। वह नशा करके घर आया और अंदर जाकर फांसी लगा ली। मृतक का नाम निर्मल पिता सीताराम निवासी सूरज नगर खजराना है। रिश्तेदार सुशील ने बताया कि निर्मल प्लंबर का काम करता था। रविवार को वह शराब के नशे में धुत घर आया और कमरे में चला गया। काफी देर तक जब वह नहीं निकला तो परिजन कमरे में पहुंचे जहां वह फंदे पर लटका हुआ मिला। खजराना पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

### अमानत में खयानत

**इंदौर।** पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज किया है। कीटनाशक दवा के एक कारोबारी ने उसके खिलाफ पुलिस में शिकायत की है। उसने पौने दो लाख रुपए की कीटनाशक गायब कर दी। शाकीर पटेल पिता सरदार पटेल निवासी बिलोदा की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मांगू नायक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। शाकीर पटेल कीटनाशक दावाओं का कारोबारी है। उसने पिछले माह मंगू के हाथ 45 बक्से कीटनाशक दवा के भेजे थे। मंगू ने गंतव्य पर तीन बक्से कम पहुंचाए। जिसकी कीमत 1,80,000 रुपए है। फरियादी ने कई बार उससे दवाई की मांग की उसने दवाईयां नहीं लौटाई तो उसके खिलाफ पुलिस की शरण ली,पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### ट्रेन चपेट में आने से मौत

**इंदौर।** लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। उसके साथी का कहना है चक्कर आने की वजह से वह गिरा था तभी ट्रेन ने टक्कर मार दी। मृतक का नाम नरेंद्र पिता गणपत निवासी पुरानी जीवन की फेल है। नरेंद्र मजदूरी करता था। उसके साथी रितेश ने बताया कि नरेंद्र लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर पटरी पार कर रहा था। ट्रेन को देखकर रुक गया ट्रेन नजदीक आई तभी अचानक गश खाकर वह गिर गया जिससे ट्रेन की टक्कर उसे लगी, तुरंत उसे अस्पताल लेकर गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### गांजे के साथ पकड़ाई महिला, पुड़िया बनाकर बेचती थी

**इंदौर।** पुलिस ने एक महिला को आधा किलो से ज्यादा गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। इस महिला के बारे में पुलिस को कई दिनों से शिकायतें मिली रही थी। एक बार फिर से शिकायत मिलने के बाद सदर बाजार पुलिस ने रामबाग इलाके से जया नामक महिला को पकड़ा। उसकी तलाशी ली तो जया के पास 614 ग्राम गांजा मिला। जया गांजे की पुड़िया बनाकर बेचती थी। कई नशेड़ी उसके पास आते थे। पुलिस पूछताछ में उसने कुछ लोगों के नाम बताए हैं जिनसे वह गांजा खरीदती थी। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है। जया के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### सिगरेट नहीं पी तो कर दिया घायल

**इंदौर।** दोस्त ने दूसरे से कहा चल यार सिगरेट पी ले,दोस्त ने कहा नहीं मैं सिगरेट नहीं पीऊंगा। तब दूसरे दोस्त ने जेब से चाकू निकाला और बोला कैसे सिगरेट नहीं पीएगा,ये कहते हुए चाकू के वार क उसे घायल कर दिया। एरोड्रम पुलिस ने आरोपी दोस्त के खिलाफ केस दर्ज किया है। वारदात भाटिया पेट्रोल पंप के पास हुई। सनी पिता देवराज,गाड़ी अड्डा अपने दोस्त कालू उर्फ जतिन पिता राजेश वर्मा के साथ था। कालू सिगरेट पी रहा था,उसने सिगरेट सनी की ओर बढाते हुए कहा ले यार तू भी सिगरेट पी ले,सनी ने कहा देख भाई मैं सिगरेट नहीं पीता। इस बात पर कालू नाराज हो गया और उसने सनी को चाकू मारकर घायल कर दिया।

### रिक्शा की टक्कर से मौत

**इंदौर ।** साइकिल से जा रहे एक व्यक्ति की आटो रिक्शा की टक्कर से मौत हो गई। वह सिक्योरिटी गार्ड का काम करता था। हादसा आजाद नगर इलाके में हुआ। मृतक बाबूराव ,अभिलाष नगर साइकिल पर सवार होकर पालदा से गुजर रहा था। उसी दौरान तेज गति से आ रहे आटो ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रुप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ आजाद नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# 100 से अधिक जाती बिरादरियों के मुखियाओं ने एवं 50 से अधिक सामाजिक संस्थाओं ने चंपत राय जी का नागरिक अभिनंदन किया






**इन्दौर, राष्ट्रीय जनभावना।** रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपने अभिनंदन में कहा कि राम मंदिर आंदोलन आजादी की लड़ाई से कम नहीं था।


अयोध्या में राम मंदिर को तोड़ कर इस देश और हिंदू समाज और राष्ट्र का अपमान किया गया। फिर से मंदिर बनाना हमारी अस्मिता से जुड़ा था, क्योंकि गुलामी की निशानियां चिपका कर नहीं रखी जाती है। यह लड़ाई देश हित के लिए की गई। राम मंदिर फिर से बनाना हिंदुस्तान की मूंछ का सवाल था। राम मंदिर हिंदुस्तान के अपमान का परिमार्जन है हजारों संतों ने राम मंदिर के प्रति जागरण किया। ये किसी एक व्यक्ति से संभव नहीं है। 500 साल में कितने लोगों का जीवन गया, ये कोई नहीं जानता। मंदिर निर्माण की योजना के बारे में बताया कि मंदिर में लोहे सीमेंट का उपयोग नहीं किया गया। तीन मंजिला मंदिर 400 खंबों पर खड़ा है। पत्थरों को जोड़ने के लिए तांबे का उपयोग किया गया। एक-एक पत्थर को परखा गया कि कही किसी पत्थर में दरार तो नहीं है। उपरी मंजिल बनने के बाद उसमें राम दरबार लगेगा। मंदिर के चारों और परकोटा बन रहा है। उस परोकोट में छह मंदिर बनेंगे।लक्ष्मण जी का भी एक मंदिर बनाया जाएगा। 70 एकड़ जमीन में 50 एकड़ जमीन में सिर्फ पौधे लगाए जा रहे है। पर्यावरण का विचार भी मंदिर में निहित है। 25 लाख घन फुट पत्थर इस मंदिर निर्माण में लग रहा है। कलचुरी समाज के ओर से श्री अमृतलाल जी जायसवाल अवधेश जी जायसवाल सोहन जी राय दीपक जी चौकसे प्रहलाद जी जायसवाल राजू जी चौकसे (जय गणेश) कमलेश जी राय दर्शन की राय सहित अन्य सभी स्वजातीय बंधु भगिनी ने चम्पत राय जी का स्वागत किया। नागरिक अभिनंदन इंदौर के अनेकों सामाजिक, धार्मिक ,व्यपारिक,संगठनों के जाती विरादरी के प्रमुखों ने उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राधे राधे बाबा ,अन्ना जी महाराज अमृत राम जी महाराज, प्रवीणानंद जी महाराज ,स्वामी सत्यानंद जी महाराज के साथ संतों ने समस्त हिन्दू समाज और आयोजन समिति की और से चंपत राय जी का अभिनंदन किया।

# स्कूल में बम की सूचना से मचा हड़कंप

## छात्र के पिता को आया था कॉल, पुलिस ने की जांच

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** पल्हर नगर के गुरुकुल में बम की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी पुलिस तक पहुंची तो पुलिस टीम के साथ बीडीएस टीम भी स्कूल पहुंची। स्कूल को खाली करवाया गया वहां करीब घंटे भर तक चप्पे-चप्पे की चैकिंग की गई लेकिन बम नहीं मिला। उसके बाद स्कूल में फिर से क्लासेस शुरू कर दी गई। स्कूल में पढने वाले बच्चे के पिता अंकित सोनी को मोबाइल पर काल आया कि जिस स्कूल में आपका बच्चा पढता है उसे कुछ ही देर में बम से उड़ा दिया जाएगा। सोनी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस अब काल करने वाले नंबर के आधार पर पुलिस बम की सूचना देने वाले का पता लगा रही है। डीसीपी विनोद मीणा के मुताबिक अंकित सोनी का बेटा पल्हर नगर में गुरुकुल में पढ़ता है। उनके पास एक कॉल आया। काल करने वाले ने कहा कि तुम्हारा बेटा जिस स्कूल में पढ़ता है वहां बम लगा दिया गया है। कुछ ही देर में स्कूल को बम से उड़ा दिया जाएगा। सोनी ने तत्काल डायल 100 पर इस बात की जानकारी दी। उसके बाद पुलिस टीम के साथ बीडीएस टीम भी स्कूल पहुंची। बच्चों से स्कूल खाली करवाया गया। वहां चैकिंग की लेकिन कहीं भी बम नहीं मिला। पुलिस सोनी के पास आए काल के नंबर के आधार पर फोन करने वाले का पता लगा रही है।

# आने वाली श्वांस का भरोसा नहीं तो फिर घमंड किस बात का है



**इन्दौर ।** आने वाली श्वांस का भरोसा नहीं है, तो फिर घमंड किस बात का? जो व्यक्ति अपनी काल्पनिक छवि में अपनी असली छवि ढूंढता है वह जिंदगी भर दुखी बना रहता है। क्या है तुम्हारा बोलो ? क्या यह संपत्ति तुम्हारी है ? यह सगे संबंधी तुम्हारे है? जब यह शरीर ही तुम्हारा अपना नहीं है तो अहंकार किस बात का?। उक्त विचार संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री प्रमाण सागर ने दशलाक्षण धर्म के दूसरे दिन उत्तम मार्दव धर्म पर व्यक्त किए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा पति-पत्नी के बीच तनाव था, दोनों मेरे पास आए पति सी.ए था और पत्नी सी.एस दोनों के बीच ईगो की समस्या थी। हमने पत्नी को बुलाया और उससे पहले बात की उसने कहा कि यदि ये सी.ए है तो में भी तो उच्च पद पर हुं। मैंने उनको समझाया तुम सी.एस बाद में हो पहले किसी की पत्नी हो और पति को भी समझाया बात दोनों के समझ में आ गई और परिवार उजडते-उजड़ते बच गया, वरना आजकल पड़े लिखे लोगों में ही ज्यादा तलाक होते है।

### मान का सदैव मर्दन होता है

आचार्यश्री ने हायकू में लिखा है जो मानते अपने आपको सबसे बड़े है वह अभी धर्म से बहुत दूर खड़े है। मुनिश्री ने कहा कि यदि कोई झुकता है तो उसका सम्मान करो उसके सिर पर बैठने की कोशिश मत करो, सिर पर बैठने वालों को दुनिया कुचल देती है। उन्होंने बलभद्र, श्रीकृष्ण और दुर्योधन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह चाहते थे कि भाई-भाई में युद्ध न हो और उन्होंने दुर्योधन को समझाया कि तुम इंद्र प्रस्थ सहित सारी संपत्ति रख लो, पांडवों को मात्र पांच गांव दे दो। हम उनको मना लेंगे लेकिन दुर्योधन तो सत्ता के नशा और अहंकार में डूबा हुआ था। मानी व्यक्ति हमेशा अपने मान में ही डूबा रहता है उसने बलभद्र, श्रीकृष्ण की बात को नहीं मानते हुए अभिमान में कहा कि पांच गांव तो छोड़ो बिना युद्ध के एक सुई की नौक बराबर जगह भी नहीं दे सकता और फिर क्या हुआ परिणाम सभी जानते है।

मुनिश्री ने कहा मान का सदैव मर्दन होता आया है। अपने आप को उतना ही मानो कि लोगों से मनवाने की कोशिश न हो वरना यह कहावत चरितार्थ होगी कि लौट के बुद्धू घर को आए। जिसके अंदर विनम्रता का गुण होता है उससे कोई रूठता नहीं है। यदि कोई रुठता है तो वह उसे प्रेम के साथ मना लेता है उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में एक कहावत है। जो न मांगे बड़ों की सीख वो मांगे जिंदगी भर भीख।

रूठो लेकिन उतना ही कि कोई मनाए तो तुरंत मान जाओ। यदि यह प्रवृत्ति आ गई तो घर-घर की महाभारत मिट जाएगी। मुनिश्री निर्वेग सागर जी महाराज ने सम्वोधन दिया एवं मुनि श्री संधान सागर जी महाराज तथा समस्त क्षुल्लक जी मंचासीन रहे।

# साइड में चलने की बात पर मारे चाकू,पुलिस के हत्थे चढ़े



**इंदौर।** सड़क पर साइड में चलने की बात पर हुए मामूली विवाद में चाकू बाजी करने वाले आरोपियों को खजराना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि 6 सितंबर को फरियादी ने थाना खजराना पर रिपोर्ट लिखाई थी कि 5 सितंबर को रात्री लगभग 10~30 से 11बजे के बीच अपने ठेकेदार के साथ इको गाड़ी से मालवीय पेट्रोल पंप रिंग रोड सर्विस रोड से वेलोसिट तरफ जा रहे थे इसी बीच सदगुरु लैंडमार्क निर्माणाधीन मल्टी के सामने तीन लड़के पैदल जा रहे थे मोहन भैया ने गाड़ी का हॉर्न बजाय तभी वे तीनों लड़के गाड़ी के सामने आ गए तब मोहन भैया ने तीनों लड़कों से कहा की रोड के साइड में एक तरफ चलो तभी तीनों लड़कों ने मोहन भैया को गालियां दी और एक लड़के ने उन भैया को कार की विंडो से निकाला तभी दोनों लड़कों ने भी उन्हें चाकू मारा और चाकू मार कर तेजी से भाग गये । फरियादी की रिपोर्ट पर थाना खजराना पर अपराध क्रमांक 722/24 धारा 296 109 3(5) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था । इस तारतम्य में थाना प्रभारी थाना खजराना मनोज सिंह सेंधव व्दारा घटना की गंभीरता को देखते हुए एक पुलिस टीम का गठन कर अज्ञात आरोपीयो की धरपकड हेतु रवाना की गई । पुलिस टीमद्वारा घटना स्थल के आसपास सीसीटीव्ही फुटेज चैक करते आरोपीयो के संबंध मे पुख्ता जानकारी मिली जिसके आधार पर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । मुखबिर व्दारा सूचना दी गई की उक्त घटना मे नवीन उर्फ नाजिम व अंकुश और उसका साथी है। जो देवास जाने के लिए बेस्ट प्राइज पर बस के इंतजार में बैठे है। मुखबिर के बताये अनुसार पुलिस टीम व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपीयो को घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करते उनके द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।पकड़े गए आरोपियों में नवीन उर्फ नाजिम पिता सोहन निगम उम्र 19 साल निवासी ग्राम सकल बावड़ी मॉडल स्कूल के पास बदनावर हाल श्री कॉलोनी श्रीनाथ होटल के पास बर्फानी धाम इंदौर, अंकुश उर्फ चकरमुंडी पिता चंद्रशेखर परिहार उम्र 18 साल निवासी वेलोसिटी के पीछे रामकृष्ण बाग कॉलोनी खजराना इंदौर, एक अन्य बाल अपचारी हैं।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी के घर में घुसे चोर

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** रिटायर्ड पुलिसकर्मी गमी के कारण तराना गए थे। घर की चाबी पड़ोसी को दे गए थे। वे जब तराना में थे उसी दौरान पड़ोसी ने फोन पर चोरी की सूचना दी। उसके बाद वे इंदौर पहुंचे और चंदन नगर थाने में चोरी का केस दर्ज करवाया। पुलिस के मुताबिक रिटायर्ड पुलिसकर्मी अलाउद्दीन खां निवासी ग्रीन पार्क कालोनी की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया है। वे नयापुरा तराना में रहते हैं। उनका बेटा अनीश अपनी पत्नी आसिफा के साथ ग्रीन पार्क कॉलोनी में रहता है। परिवार में गमी हो गई थी। इसके लिए पूरे परिवार के लोग तराना गए थे,घर की चाबी पड़ोसी फैजल की दी गई थी। फैजल ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि आपके घर के ताले टूटे हुए हैं। वे यहां पहुंचे। उनकी बहू ने चेक किया तो पता चला कि यहां से सोने का हार, सोने की ईयर रिंग सेट, दो सोने की अंगूठी, एक सोने की नथ, एक जोड़ सोने के टॉप्स, चांदी की पायल सहित नकदी चोरी हो गई।

# शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रही चलित झांकियों की परम्परा को जीवित रखे है कलाकार-सज्जनसिंह वर्मा

## 21 वां मालवा रत्न अलंकरण सुप्रसिद्ध कलाकार सुभाष जरिया को, पूर्व मंत्री ब्रह्म. रामेश्वर पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई 81वी जयंति

**इन्दौर , राष्ट्रीय जनभावना।**

1942 से चली आ रही चलित झांकियों की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी चलित झांकियों का कारवां इन्दौर शहर की सड़कों पर गुजरेगा। इस निर्माण में झांकियों की परम्परा में चलित झांकियों के निर्माता को प्रतिवर्ष श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट एवं नेताजी सुभाष मंच संयुक्त रूप से मालवा रत्न अलंकरण झांकी कलाकार का चयन कर इस वर्ष 21 वां मालवा रत्न अलंकरण चलित झांकी के सुप्रसिद्ध कलाकार सुभाष जरिया को प्रदान को किया गया। आज के दिन मिलनसार, सरल स्वभाव वाले सहकारिता मंत्री रहे ब्रह्म. रामेश्वर पटेल की 81वीं जयंति पर श्री गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट एवं नेताजी सुभाष मंच संयुक्त रूप से




बिचौली मर्दाना स्थित विद्यासागर स्कूल आडोटोरियम में माल्यार्पण कर जयंति मनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल एवं मदन परमालिया ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मान समारोह की श्रृंखला में मिलों की कमेटियों, झांकियों के कलाकारों, अखाड़ों के उस्ताद-खलिफाओं, विद्युत सज्जा के कलाकार, सशस्त्रों का प्रदर्शन करने वाले कलाकारों, झांकियों में शामिल होने वाले बैण्ड एवं किसानों को अलंकरण से सम्मानित किया गया। सत्यनारायण पटेल ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने अपने भाषण में कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रही चलित झांकियों की परम्परा को जीवित रखे है कलाकार। इस अवसर पर कलाकारों ने अपनी कला का भी प्रदर्शन किया।

# जिले की 03.20 लाख लाड़ली बहनों के खाते में जमा हुई 39.11 करोड़ रुपये की राशि

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बीना में आयोजित कार्यक्रम में सिंगल क्लिक से अंतरित की राशि

**खरगोन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 09 सितंबर को सागर जिले के बीना से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित की है।





सागर जिले के बीना कृषि उपज मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहना योजना की 1.29 करोड़ बहनों के खातों में 1574 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की है। इसी कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खाते में 332.43 करोड़ रूपये अंतरित की है। सागर जिले के बीना में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में दिखाया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोषी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री बापुसिंह परिहार, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या, सहायक संचालक सुश्री मोनिक बघेल सहित लाड़ली बहना योजना व सामाजिक सुरक्षा पेंषन से लाभान्वित बहने शामिल हुई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के समस्त नगरीय निकायों, जनपद पंचायतों, ग्राम पंचायतों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में दिखाया गया। खरगोन जिले की कुल 03 लाख 20 हजार 649 बहनों के खाते में लाड़ली बहना योजना की 39 करोड़ 11 लाख 40 हजार 450 रुपये की राषि अंतरित की है।

इसमें 03 लाख 04 हजार 531 बहनों के खाते में 1250-1250 रुपये की दर से 38 करोड़ 06 लाख 63 हजार 750 रुपये की राषि जमा हुई है। इसी प्रकार सामाजिक सुरक्षा पेंषन योजना की हितग्राही 16 हजार 118 बहनों के खाते में 650-650 रुपये की दर से 01 करोड़ 04 लाख 76 हजार 700 रुपये की राषि जमा हुई है। उल्लेखनीय है कि अब तक लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेष की लाड़ली बहनों को 24,499 करोड़ तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को 03 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि उनके खातों में अंतरित की गई है।

# राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता निवारण समिति की स्टेट कांफ्रेंस संपन्न, शाजापुर के प्रतिनिधि भी हुए शामिल

**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना।** राष्ट्रीय दृष्टिविहीनता निवारण समिति की भोपाल के निजी होटल में स्टेट कांफ्रेंस संपन्न हुई जिसमें शाजापुर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। गतदिनों आयोजित कांफ्रेंस भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली के निदेशक अरुण तोमर के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ शरद पंडित की अध्यक्षता, प्रो डा यू एस तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। स्वागत भाषण संस्था के कोषाध्यक्ष नागेश व्यास ने दिया। संस्था के प्रदेश सचिव अनिरुद्धसिंह सेंगर ने संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संस्था द्वारा विद्यालयों में छात्रों का नेत्र परीक्षण करके चश्मों की जांच करना, बच्चों को निःशुल्क चश्मे प्रदान करना। मलिन बस्तियों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित करना, वनवासी बस्तियों में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित करना, वरिष्ठजनों एवं पेंशनर्स के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित करके नजदीक देखने के लिए निःशुल्क चश्मे वितरित करना, दृष्टिविहीनता दूर करने मोतियाबिंद ऑपरेशन करवाना, नेत्र सुरक्षा के प्रति आम जनमानस में जागृति पैदा करना, राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का 25 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजन करना, बच्चों को नेत्रदान के संबंध में जानकारी देने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करना महत्वपूर्ण कार्य हैं। वहीं मुख्य अतथि तोमर ने संस्था के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि आप लोग समाज सेवा के पुनीत कार्य में लगे हुए हैं यही सच्ची मानव सेवा है। पीड़ित मानवता की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। आप लोग दृष्टिविहीनता दूर करने प्रयासरत हैं। आपके इस पुनीत कार्य में मैं भी सहयोगी बनना चाहूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष डॉ शरद पंडित ने संस्था के विस्तार पर बल दिया। उन्होने कहा कि एनएसपीबी की सभी इकाईयों को सक्रिय होने की आवश्यकता है। साथ ही जिन जिलों में इकाईयां गठित नहीं हैं वहां गठन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। विशिष्ट अतिथि प्रो डा यू एस तिवारी ने अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजक टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि भविष्य में हम सब मिलकर समाज हित में कार्य करते रहें। इस दौरान प्रकाशित स्मारिका नयन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में शाजापुर के जिलाध्यक्ष डॉ एआर खान ने अपने संबोधन में संस्थान को अधिक से अधिक नेत्र शिविर जनहित में लगाने के सुझाव दिए।




## फिजियोथेरेपी शिविर आयोजित



**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना।** राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व फिजियोथेरेपी दिवस पर जिला चिकित्सालय शाजापुर में सोमवार को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक फिजियोथेरेपी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आर्थोपेडिक, मेडिसिन और फिजियोथेरेपी के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार किया गया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ ऋतु ने बताया कि शिविर में विभिन्न प्रकार के शारीरिक दर्दों के निवारण हेतु मरीजों को थैरेपी टिप्स सिखाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपचार हेतु पहुंचे।

## मनकामनेश्वर महादेव की निकली शाही सवारी



**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना।** स्थानीय विजयनगर स्थित हनुमान मंदिर से सोमवार को मनकामनेश्वर महादेव की शाही सवारी निकाली गई। सवारी शाम 5 बजे मंदिर से शुरू हुई और बाबा मनकामनेश्वर भक्तों की मनोकामना पूरी करने पालकी में सवार होकर शाही ठाठबाट से नगर भ्रमण पर निकले। बाबा भक्तों के द्वारा पहुंचे जहां पर उनकी विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मंगलकामनाएं की गईं। सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। उक्त जानकारी नंदकिशोर सोनू ने दी।

## अवंतीपुर बड़ोदिया पुलिस ने चोरी हुए लहसुन के साथ आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना।** लहसुन चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 एवं 31 अगस्त की दरमियानी रात्रि में फरियादी हरिओम पिता मनोहर परमार निवासी पाड़लिया के घर में रखी 24 कट्टे लहसुन अज्ञात चोर चोरी कर ले गए थे। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अवन्तिपुर बड़ोदिया में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। वहीं मामले में थाना प्रभारी उनि घनश्याम बैरागी के द्वारा टीम गठित की गई, जिसमें टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं जमिनी मुखबिरी के आधार पर चोरों की तलाश की गई। इस दौरान घटना से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले और 8 सितंबर 2024 की रात करीबन 11.10 बजे मुखबिर ने सूचना दी कि ग्राम पाड़लिया से लहसुन चोरी करने वाले आरोपी गाड़ी से सोनकच्छ देवास तरफ जाने वाले हैं। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी का वाहन को रोका गया और वाहन में रखा चोरी का लहसुन बरामद किया गया।

## प्रधान जिला न्यायाधीश एवं बार अध्यक्ष ने प्रचार रथ को दिखाई हरी झंडी

**खरगोन।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने 14 सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए नगर परिषद के प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है। यह प्रचार वाहन नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोक अदालत का प्रचार प्रसार करेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह ने बताया कि मंडलेश्वर न्यायिक जिले में 14 सितंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए कुल 26 खण्डपीठ बनाई गई है। साथ ही प्री-लिटिगेश के प्रकरणों के लिए प्रथक से 18 खण्डपीठ बनाई गई है। बैंक रिकवरी विद्युत प्रकरण जलकर बीएसएनएल के प्री-लीटिगेशन प्रकरणों के अलावा नियमित लगभग 2100 प्रकरण नेशनल लोक अदालत में रखे जाएंगे। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश श्रीमती मैरी मार्ग्रेट फ्रांसिस डेविड, जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मण्डलेश्वर के सचिव श्री सुजीत कुमार सिंह, जिला न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार कुण्डू, जिला न्यायाधीश बीडी राठौर, जिला न्यायाधीश दीपक चौधरी, व्यवहार न्यायाधीश महेन्द्र सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक जोशी, विधिक सेवा के एलएडीसी सिस्टम के डिप्टी चीफ रूपेश शर्मा, सहायक सुश्री निशा कौशल, अधिवक्ता सीके जैन सहित अधिवक्तागण पीएलवी एवं पक्षकार उपस्थित थे।

## सड़कों पर आवारा पशु पाये जाने पर कार्यवाही करने के निर्देष

**खरगोन।** कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देषित किया है कि अपने क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर आवारा पषु पाये जाने पर उन्हें पकड़कर गौषाला पहुंचाये। जिन लोगों के पषु सड़कों पर बैठे या घुमते पाये जाए उनके मालिकों पर जुर्माने की कार्यवाही की जाए। जिले में कहीं पर भी सड़कों पर गौवंष या अन्य पषु नजर नहीं आना चाहिए। पषु मालिकों को भी हिदायत दी जाए कि वे अपने पषुओं को बांध कर रखें। सड़कों पर गौवंष एवं अन्य पषुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने यह निर्देष दिए गए हैं।

## वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**खरगोन।** वृत्तिकर नहीं जमा करने पर होगी शास्ति एवं ब्याज वसूली की कार्यवाही मध्यप्रदेश वृत्तिकर संशोधन अधिनियम अन्तर्गत वर्ष 2024-25 के लिए वृत्तिकर जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 निर्धारित की गई है। वाणिज्यिक कर अधिकारी खरगोन ने बताया कि जीएसटी में पंजीकृत, अपंजीकृत व्यवसायी, निजी विद्यालय, महाविघालय, कम्प्यूट सेन्टर, चिकित्सक, चिकित्सा व्यवसायी, सीए, वकील, बीमा अभीकर्ता, मदिरा दुकान संचालक, चिटफ्ड संचालित वाली संस्थाएं या व्यक्ति, सहकारी सोसाइटी, दासपोर्टर, कोंचिंग संस्थान, चिकित्सालय, जिम सेन्टर, धर्मकाटा, होटल, लॉज विवाह मण्डप, टेन्ट शामियाना, केबल ऑपरेटर, वीडियो पार्लर, ब्युटी पार्लर, फाईनेंस कम्पनी, क्लीनीक, लैब पैथालाजी, नर्सिंग होम, कियोस्क सेंटर, फैशन डिजाइनर, बुटीक, किराणा व्यवसायी, प्रोवीजनल स्टोर, पैट्रोल पम्प, टोल प्लाजा, कम्प्युटर, कॉलेज, नर्सिंग ट्रेनिंग सेन्टर, अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, एलआईसी आदि को 30 सितम्बर 2024 तक अनिवार्यतः वृत्तिकर जमा करना है।

## जिले में बीते 24 घंटे में 02 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड

**खरगोन।** चालू वर्षा सत्र के दौरान 01 जून से 09 सितंबर 2024 तक खरगोन जिले में 811 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 512 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। 08 सितंबर को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 02 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 825 मिलीमीटर है। कार्यालय अधीक्षक भू अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 09 सितंबर को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान खरगोन तहसील में 00 मिलीमीटर, गोगांव तहसील में 00 मिलीमीटर, सेगांव तहसील में 00 मिलीमीटर, भगवानपुरा तहसील में 02 मिलीमीटर, भीकनगांव तहसील में 00 मिलीमीटर, झिरन्या तहसील में 00 मिलीमीटर, बड़वाह तहसील में 13 मिलीमीटर, सनावद तहसील में 01 मिलीमीटर, महेश्वर तहसील में 00 मिलीमीटर एवं कसरावद तहसील में 00 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार बीते 24 घंटे में खरगोन जिले में 02 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। 01 जून से 09 सितंबर 2024 तक खरगोन तहसील में 939 मिलीमीटर, गोगांव में 854 मिलीमीटर, सेगाव में 778 मिलीमीटर, भगवानपुरा में 778 मिलीमीटर, भीकनगांव में 822 मिलीमीटर, झिरन्या में 702 मिलीमीटर, बड़वाह में 973 मिलीमीटर, सनावद में 743 मिलीमीटर, महेश्वर में 804 मिलीमीटर एवं कसरावद तहसील में 715 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

# चीन से लहसुन भारत लाए जाने पर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन, आज से अनिश्चितकालीन मंडी बंद

**शाजापुर, राष्ट्रीय जनभावना।**

चीन से लहसुन को भारत मंगाए जाने को लेकर किसानों में केंद्र सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है और इसीके चलते किसानों ने अश्चितकालीन मंडी बंद का ऐलान कर दिया है।



किसानों के इस निर्णय का मंडी व्यापारियों ने समर्थन करते हुए सरकार के फैसले का विरोध कर नारेबाजी की। सोमवार को शाजापुर लहसुन मंडी में किसान और व्यापारियों ने एकजुट होकर केंद्र सरकार की चीन से लहसुन भारत लाने के फैसले का विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की। किसानों ने बताया कि भारत सरकार द्वारा किसान विरोधी नीति अपनाते हुए चीन से भारत लहसुन लाया जा रहा है, जिसकी वजह से लहसुन के दामों में 5 हजार रुपये प्रतिक्विंटल तक की गिरावट आ गई। सरकार की इस नीति की वजह से किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है, जिसके विरोध में शाजापुर मंडी 10 सितंबर 24 से अनिश्चितकाल के लिए बंद रखी जाएगी। जब तक सरकार अपना किसान विरोधी फैसला वापस नही लेती तब तक आंदोलन जारी रहेगा और कोई भी किसान अपनी उपज लेकर मंडी नही पहुंचेगा।

### व्यापार में हो रहा घाटा

चीन से लाए जा रहे लहसुन को लेकर किसानों के द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन का मंडी व्यापारियों ने भी समर्थन किया। व्यापारियों ने बताया कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से व्यापार करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा

## स्वच्छता ही सेवा है अभियान की थीम पर होगी गतिविधियां

**खरगोन।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक खरगोन जिले में भी स्वच्छता ही सेवा है अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक किया जाएगा और सार्वजनिक, सामाजिक व धार्मिक स्थलों, शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, कॉलेजों, ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में साफ-सफाई का अभियान चलाया जाएगा। जिले में इस अभियान की तैयारियों के लिए कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा ने 09 सितंबर को अधिकारियों की बैठक लेकर आवष्यक दिषा-निर्देष दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आकाष सिंह, सहायक आयुक्त जनजातीय विभाग श्री प्रषांत आर्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएस सिसोदिया, जिला षिक्षा अधिकारी श्री एसके कानुड़े, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती भारती आवास्या, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बीएस अचाले, शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री उमेष जोषी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने बैठक में निर्देषित किया कि 17 सितंबर को जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में इस अभियान का जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में समारोह पूर्वक शुभारंभ किया जाना है। इसी प्रकार 02 अक्टूबर को भी कार्यक्रम का समापन समारोह के साथ किया जाना है। इस अभियान के प्रति जन जागरूकता के लिए स्कूलों एवं कॉलेजों में स्वच्छता पर आधारित निबंध, पेंटिंग, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन करने कहा गया। स्कूलों में प्रार्थना के दौरान बच्चों को स्वच्छता की शपथ दिलाने एवं मेरा घर एवं शहर को साफ रखने में मेरा दायित्व विषय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने कहा गया। इस अभियान के अंतर्गत 18 सितंबर को जनजागरूकता के लिए साईकिल रैली निकाली जाएगी। स्वच्छ भारत सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सफाई मित्रों व स्वच्छता चैंपियन का सम्मान किया जाएगा। इस अभियान में बेहतर प्रदर्षन करने वाले निकाय का सम्मान किया जाएगा। समाजसेवियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आमजन के सहयोग से स्वच्छता के लिए श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस अभियान में सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। 17 सितंबर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूल एवं छात्रावास भवनों की रंगाई-पुताई करने, कार्यालय परिसर को साफ-सुथरा बनाएं रखने के लिए श्रमदान करने का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार शौचालयों को भी रंगाई-पुताई कर आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत आमजन को प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और अपने घरों के आसपास स्वच्छता बनाये रखने के लिए कहा जाएगा। इस अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी तय करने के लिए मैराथन, पथ उत्सव, स्वच्छता के साथ सेल्फी आदि गतिविधियां की जाएगी।






## सार-समाचार

### दिव्य बालाजी नगर छैगांव माखन में कल से 2 दिवसीय गम्मत का आयोजन किया जायेगा



**खंडवा।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिव्य बालाजी नगर छैगांव माखन कालोनी में गणेश स्थापना की गई है लगातार 2 वर्षो की अपार सफलता के बाद निमाड़ की प्रसिद्ध पारंपरिक गम्मत का आयोजन दिव्य बालाजी नगर छैगांव माखन में 10 सितम्बर को देशगाव और पाबई के मध्य और 11 सितम्बर को टोकरखेड़ा और देलगाव के मध्य रात्रि 8 बजे से किया जा रहा हे एशिया की सबसे बड़ी 81 फिट ऊंची बालाजी भगवान की मूर्ति को देखने जनता की भीड़ लग रही है बालाजी ग्रुप के संस्थापक एवम कोलोनाएजर रितेश गोयल ने सभी क्षेत्र वासियों को निमाड़ की प्रसिद्ध पारंपरिक गम्मत देखने का आवाहन किया है।

### नयत साफ हो तो आदमी जमाना बदल सकता है ऐसे ही शिक्षक ने बदल दी दसा और दिशा

**खंडवा /दीवाल** 1 वर्ष पहले जिस स्कूल की व्यवस्थाओं को लेकर जिले में ग्राम वासी धरना प्रदर्शन आंदोलन कर रहे थे उसी स्कूल को 1 वर्ष पश्चात जिले में सम्मानित किया जाता है। बात शासकीय हाई स्कूल दीवाल की है जहां पर 1 वर्ष पहले अव्यवस्थाओं का साम्राज्य था । शिक्षकों की कमी थी । रिजल्ट 4त्न था। भौतिक सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं था । इस बात के लिए आए दिन ग्राम वासी शिक्षा विभाग के सामने अपनी मांगे रख रहे थे। 1 वर्षो पश्चात जब उसे शासकीय हाई स्कूल दीवाल में प्राचार्य श्री मोहन कानूनगो ने पदभार संभाला है तब से हाई स्कूल की दशा और दिशा बदल दी है आज उनकी मेहनत और कर्मठता के कारण 77त्न रिजल्ट के साथ स्मार्ट क्लास में बच्चों की पढ़ाई हो रही है । अनुशासन देखते ही बनता है एवं आईसीटी लेब सीसीटीवी कैमरे लगवा कर स्कूल को हाईटेक बना दी गई है। शिक्षकों की कमी के बाद भी स्मार्ट टीवी पर यूट्यूब के माध्यम से कक्षाएं संचालित हो रही है भौतिक सुख सुविधाएं जुटा ली गई है इन्हीं उपलब्धियां के कारण शिक्षक दिवस के अवसर पर प्राचार्य मोहन कानूनगो को जिले स्तर पर डॉक्टर कुंवर विजय शाह मंत्री महोदय मध्य प्रदेश शासन की ओर से एवं जिला शिक्षा अधिकारी महोदय की ओर से सम्मानित किया गया।इस उपलब्धि पर दीवाल ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती स्वाति नवदीप गंगराड़े, सचिव महोदय, हर्ष त्रिवेदी, विक्की त्रिवेदी, और शाला परिवार ने बधाई दी है कानूनगो सर ने इस उपलब्धि का श्रेय पंधाना क्च्श्व्ह्र श्री राजेश जी लाड़ सर को एवम जिला शिक्षा अधिकारी के मार्ग दर्शन को दिया है.

### 10 सितम्बर से 1 से 19 वर्ष के बच्चों को खिलाई जायेगी कृमिनाशक एल्बेण्डाजॉल गोली

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 10 सितम्बर को मनाया जायेगा। इसमें 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेण्डाजॉल की गोली खिलायी जायेगी। जिले भर में 10 सिंतबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर सभी शासकीय, अषासकीय, निजी एवं अनुदान प्राप्त शालाओं, आदिवासी आश्रम शालाओं, छात्रावास एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों का कृमि नाषक एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जायेगा। 10 सितम्बर को छूटे हुए बच्चों को 13 सिंतबर को मॉप राउंड में यह गोली खिलाई जायेगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली और 2 से 19 वर्ष के बच्चों को एक गोली खिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने सभी पालकों से अपील की है कि, अपने 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को 10 सितंबर को एल्बेण्डाजॉल की गोली जरुर खिलवायें, ताकि बच्चें बीमारियों से सुरक्षित रहें।

### पंधाना विधानसभा की 20 ग्राम पंचायत टी.बी. रोग मुक्त सांसद व विधायक ने सरपंचो को किया सम्मानित

**खण्डवा ।** पंधाना विधानसभा क्षेत्र के 6 उपस्वास्थ्य केन्द्रों का भूमिपूजन विकासखण्ड छैगांवमाखन के ग्राम छैगांवदेवी में सोमवार को सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, पंधाना विधायक श्रीमति छाया मोरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा पंधाना की 20 पंचायतों के सरपंच को सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील व पंधाना विधायक श्रीमति छाया मोरे द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें विकासखण्ड छैगांवमाखन के ग्राम पंचायत बढ़िया ग्यासुर, निहाल वाड़ी, कोलाडीत, टोकर खेड़ा, सोनुद, सिलोदा व विकासखण्ड पंधाना के ग्राम पंचायत बबली, बगमार, छिरवा रैयत, गोलखेड़ा रैयत, गोराड़िया, कारपुर रैयत, माकरला, मोहनपुर, नहारमाल, पोखर कला, राजपुरा, सराय, उमरदा, रांजनी रैयत के सरपंच शामिल हुए। जिला क्षय अधिकारी डॉ.शक्ति सिंह राठौड़ ने बताया कि वर्ष 2023-2024 में जिले की 55 ग्राम पंचायत टी.बी. मुक्त हुयी है। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पिंकी वानखेड़े, जनपद अध्यक्ष छैगांवमाखन श्री महेन्द्र सावनेर, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, बी.एम.ओ. डॉ. अनिल तंतवार, डॉ. योगेश सोनी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे।

### ुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले की 2 लाख 19 हजार 540 लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित की राशि

**खण्डवा ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 9 सितंबर को सागर जिले के बीना से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित की। इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम खण्डवा कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष में आयोजित हुआ। इस दौरान कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्री विक्रांत दामले सहित विभिन्न अधिकारी व लाड़ली बहनें उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि सितम्बर माह में 2,19,540 लाड़ली बहनाओं के खाते में 26,76,72,600 रूपये आंतरित किए। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सिंह ने लाड़ली बहनों को संबंल योजना में पंजीयन कराने एवं योजना का लाभ लेने हेतु कहा। साथ ही उन्होंने लाड़ली बहनों को उनके बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सुपर 5000 योजना संचालित है। इस योजना के तहत असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बच्चों को 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर शिक्षा प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

# बालाजी की प्रतिमा एवं वृक्ष पुनर्जीवन के लिए मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने रितेश गोयल को दिया साधुवाद

## दिव्य बालाजी नगर में स्थापित होने वाली बालाजी की प्रतिमा एवं वृक्ष पुनर्जीवन की पुस्तक का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

### प्रतिमा के लोकार्पण अवसर पर रितेश गोयल ने मुख्यमंत्री को आने का दिया आमंत्रण




**खंडवा ।** समाजसेवी बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल द्वारा खंडवा जिले में धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से एक अद्भुत कार्य किया जा रहा है खान खंडवा के समीप छैगांव माखन के दिव्य बालाजी नगर में एशिया की सबसे बड़ी 108 फुट तिरुपति बालाजी भगवान की आदमकद आकर्षक प्रतिमा विराजमान होने जा रही है, जिसका कार्य अंतिम चरण में है, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि करोड़ों रुपए खर्च कर धार्मिक दृष्टि के अनुरूप बालाजी की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है, इसके पूर्ण होने से पर्यटन की दृष्टि से क्षेत्र का विकास संभव होगा, मंत्री विजय शाह के बुलावे पर रविवार को खालवा पहुंचे मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को मंच पर समाजसेवी रितेश गोयल ने मुख्यमंत्री से रूबरू मुलाकात कर एशिया की सबसे ऊंची 81 फिट ऊंची बालाजी भगवान की पुस्तीका का मुख्यमंत्री श्री यादव एवं मंत्री विजय शाह के हाथों विमोचन करवाया,दिव्य बालाजी नगर छैगांव माखन में बन रही एशिया की सबसे ऊंची 81 फिट ऊंची बालाजी भगवान की मूर्ति जो की एक ऐतिहासिक पर्यटन स्थल बनने जा रहा हे जिसमे मूर्ति के दोनो साइड लिफ्ट लगेगी जिससे दर्शनार्थी लिफ्ट से उपर जाकर पुष्प और जलाभिषेक कर सकेगे लिफ्ट के अलावा मूर्ति के पीछे सीडिया भी बनी होगी जिससे श्रद्धालुओं को दर्शन करने में आसानी होगी ,मूर्ति पर फिरोजाबाद के रत्नों से जड़े आभूषण होगे जो रात में अलग ही प्रकाशमय होगे 7 मूर्ति बनने से क्षेत्र वासियों को रोजगार से जुड़े अवसर मिलेंगे जैसे फूल माला ,प्रसाद, की दुकानें,श्रद्धालुओ को रहने के होटल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स,आने जाने के लिए बस, टैक्सी, मंदिर की देखभाल सुरक्षा के लिए 24 घंटे गार्ड ,आदि रोजगार के अवसर मिलेंगे,रितेश गोयल ने 81 फिट ऊंची बालाजी भगवान की पुस्तक और वृक्ष पुनर्जीवन की पुस्तक का मुख्यमंत्री के हाथो विमोचन करवाया,रितेश गोयल ने बालाजी भगवान की मूर्ति के अनावरण के लिए मुख्यमंत्री को आमन्त्रित किया, रितेश गोयल के आमत्रण को मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया, मुख्यमंत्री ने पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्ष पुनर्जीवन करने के सराहनीय कार्य के लिए रितेश गोयल को साधुवाद दिया।

# मंदिरों में पहुंचकर महिलाओं ने छठ पूजा कर पुत्र की लंबी उम्र की कामना की

### बजरंग चौक स्थित मुनि बाबा के मंदिर में महिलाओं ने हल छठ की पूजा की एवं कथा सुनी

**खंडवा।** भारत की भूमि इस भारतवर्ष में धर्म और संस्कृति की परंपरा अनुसार त्योहार मनाए जाते हैं, यह पहला देश है जहां त्योहारों का सिलसिला लगातार चलता रहता है, भादो मास में मुख्य रूप से भगवान श्री गणेश महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया जाता है।

गणेश महोत्सव के बीच रविवार को जहां ऋषि पंचमी मनाई गई वहीं सोमवार को भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को हल छठ के रूप में मनाया गया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि हल छठ का पर्व बच्चों के सुख समृद्धि और दीर्घायु जीवन की कामना के लिए विभिन्न शिवालयों, मंदिरों तथा स्थापित गणेश प्रतिमा विग्रहों के पांडालों पर परंपरागत पूजा अर्चना के साथ प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मनाया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नगर के मंदिरों में जहां महिलाओं ने छठ पर्व पर



जाकर पूजा अर्चना की एवं विद्वान पंडितों द्वारा सुनाई गई छठ पर्व की कथा सुनी, छठ का व्रत महिलाएं संतान सुख के लिए करती है इस व्रत को करने से संतान पुत्र को अच्छा स्वास्थ्य और लंबी आयु की प्राप्ति होती है, भगवान श्री कृष्ण माता पार्वती की पूजा इस दिन की जाती है, भगवान बलराम का जन्म भी छठ के दिन ही हुआ था, खंडवा के मंदिरों में महिला द्वारा पूजा अर्चना की गई वही बजरंग चौक स्थित मुनिबाबा मंदिर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपस्थित होकर भगवान श्री कृष्ण, पार्वती माता की पूजा अर्चना एवं आरती की, पूजन में महुआ, ज्वार की धानी,फूल माला, सिंदूर, हल्दी से रंगे हुए वस्त्र, सात प्रकार के अनाज चढ़ाये, पंडित नवीन शर्मा, वेंकटेश शर्मा द्वारा महिलाओं से छठ पर्व की पूजा अर्चना करवाई गई, वहीं इस पर्व के महत्व को कथा के माध्यम से बताया गया। इस अवसर पर मंदिर में मनोरमा तोमर, ममता पांचाल, पिंकी सोनी,प्रीति पटेल, नेहा शर्मा, अनीता वर्मा, ममता वर्मा, सानू वर्मा, बींदु वर्मा, नीतू वर्मा, गीतमाला वर्मा, प्रमिला गंगराड़े, रजनी श्रीमती जायसवाल, राजश्री पांचाल,चेतना गंगराड़े, श्वेता दाड सहीत बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें

### कलेक्टर श्री सिंह ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**खण्डवा।** कलेक्टर श्री अनूप कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सी.एम. हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करायें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने अपने विभाग के कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट प्रति सप्ताह अपडेट रखें। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी निर्माण एजेंसियों से विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद पंधाना शहर की सड़क निर्माण की टेण्डर प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूलों में स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराने के भी निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। बैठक में उन्होंने नल जल योजना के तहत हो रहे रोड रेस्टोरेशन कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने महिला बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मातृ वंदना योजना में गर्भवती महिलाओं को समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने ई-केवायसी एवं आधार अपडेशन की भी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी से दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारी से उनके द्वारा संचालित सिंचाई परियोजनाएँ एवं निर्माणाधीन कार्यों की भी जानकारी ली।

### पंधाना विधानसभा क्षेत्र के 6 उपस्वास्थ्य केन्द्रो का भूमिपूजन सांसद व विधायक द्वारा ग्राम छैगांवदेवी में किया गया



**खण्डवा ।** सोमवार को पंधाना विधानसभा क्षेत्र के 6 उपस्वास्थ्य केन्दों का भूमिपूजन विकासखण्ड छैगांवमाखन के ग्राम छैगांवदेवी में खंडवा सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील, पंधाना विधायक श्रीमति छाया मोरे द्वारा कन्या पूजन कर किया गया। उपस्वास्थ्य केन्द्र को 65-65 लाख स्वीकृत किये गये हैं। जिसमें उपस्वास्थ्य केन्द्र छैगांवदेवी, भिंगावा, दुगवाड़ा, हरसवाड़ा, मोकलगांव, माकरला शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री पाटील ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेकों कार्य किये जा रहे है। इसी कड़ी में 6 उपस्वास्थ्य केन्द्र बनने से ग्रामीणजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। पात्र हितग्राही अपना आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवायें। पंधाना विधायक श्रीमति मोरे द्वारा भी भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा गया कि म.प्र. सरकार द्वारा विधानसभा क्षेत्र में नियमित विकास कार्य किये जा रहे हैं, और 2047 तक भारत को विकसित देश बनाया जायेगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति पिंकी वानखेड़े, जनपद अध्यक्ष छैगांवमाखन श्री महेन्द्र सावनेर, जिला पंचायत सदस्य, अपर कलेक्टर श्री के.आर. बड़ोले, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत, बी.एम.ओ. डॉ. अनिल तंतवार, डॉ.योगेश सोनी, जनपद पंचायत छैगावंमाखन सी.ई.ओ. सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे।

# थाना पिपलोद ने 24 घण्टे के अंदर ग्राम सराय में हुई चोरी का किया खुलासा

### आरोपी से पौने चार लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवर किए गए जप्त

**खंडव।** दिनांक 07.09.24 को फरियादी लोकेश पिता दिनकर दुबे जाति ब्राम्हण उम्र 52 साल निवासी ग्राम सराय द्वारा उसके भाई संतोष दुबे के घर मे सोने चांदी के जेवर एवं नगदी दस हजार रुपये चोरी होने की रिपोर्ट पर से थाना पिपलोद मे अपराध क्रमांक 334/24 धारा 331(4), 305(ड्ड) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कराया गया था। पुलिस अधीक्षक जिला खंडवा श्री मनोज कुमार राय द्वारा चोरी, नकबजनी एवं संपत्ति संबंधी अपराध मे आरोपी की गिरफ्तारी एंव मशरुका की बरामदगी करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है इसी के तारतम्य मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) खंडवा श्री महेन्द्र तारनेकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) खंडवा श्री



राजेश रघुवंशी, एवं डीएसपी मुख्यालय श्री अनिल सिंह चौहान के निर्देशन व मार्गदर्शन में उपरोक्त चोरी के अपराध मे तलाश पतारसी हेतु थाना प्रभारी पिपलोद निरी. सुरेन्द्रनाथ पाण्डेय के नेतृत्व में सउनि सपन वाजपेयी, सउनि प्रदीप पाटिल, प्रआर 305 रामसिंग बर्डे की टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा विवेचना के दौरान अपराध कायमी के 24 घंटे के अंदर दिनांक 08.09.24 को आरोपी राजू पिता गुलाब जाति भील उम्र 34 साल निवासी ग्राम सराय को गिरफ्तार कर उसके बताए अनुसार फरियादी के घर से चुराये सोने एवं चांदी के जेवर तथा नगदी सहित कुल पौने चार लाख रूपये का मशरुका आरोपी के घर से बरामद किया गया है। आरोपी राजू पिता गुलाब जाति भील निवासी सराय को दिनांक 09/09/24 को न्यायालय खंडवा पेश किया गया जहां से उसे जिला जेल खंडवा भेज दिया गया। फरियादी के खेत मे काम करने वाला निकला चोरी का आरोपी– आरोपी राजू फरियादी के खेत पर मजदूरी का कार्य कर चुका है। फरियादी का भाई अपनी पत्नी के इलाज के लिए घर मे ताला लगाकर पूना जाने की जानकारी आरोपी को लगी थी। आरोपी गेहू चोरी करने के उद्देश्य से घर मे चोरी करने घुसा था। चोरी के दौरान आरोपी को गेहू की जगह सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रुपये हाथ लग गए, जिसे वह चुरा कर ले गया। नाम पता आरोपी– राजू पिता गुलाब जाति भील उम्र 34 साल निवासी ग्राम सराय थाना पिपलोद। जप्त मशरुका– सोने व चांदी के जेवर तथा नगदी सहित कुल कीमती लगभग पौने चार लाख रूपये का मशरुका जप्त किया गया।

# ग्राम पंचायत रूधी एवं जनपद पंचायत में उप निर्वाचन हेतु मतदान 11 सितम्बर को

**खण्डवा ।** पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार मतदान दिवस को जिले के संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित किये जाना हैं। खण्डवा जिले की जनपद पंचायत खण्डवा की ग्राम पंचायत रूधी एवं जनपद पंचायत पुनासा की ग्राम पंचायत जामकोटा में सरपंच पद के उप निर्वाचन हेतु मतदान 11 सितम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक सम्पन्न होना है। मतदान दिनांक को यदि पंचायत क्षेत्र में उद्योग/कारखाने/व्यापारिक प्रतिष्ठान/दुकाने स्थित हो तो उनमें कार्य करने वाले मतदाताओं को मतदान का अवसर देने के लिये यह आवश्यक है कि उन्हें मतदान में भाग लेने का अवसर देने हेतु संबंधित संस्थाओं/कारखानों द्वारा संबंधित क्षेत्र में मतदान की तारीख के दिन सामान्य अवकाश घोषित किया जाए। म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के आदेश के परिपालन में जिले की जनपद पंचायत खण्डवा की ग्राम पंचायत रूधी एवं जनपद पंचायत पुनासा की ग्राम पंचायत जामकोटा में सरपंच पद के उप निर्वाचन हेतु मतदान 11 सितम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक सम्पन्न होगा। इसके लिए केवल ग्राम पंचायत रूधी एवं जामकोटा के लिये परक्राम्य लिखित अधिनियम 1881 का क्रमांक 26 की धारा 25 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया हैं।

**Change in Name**

**IMOHAMMED IRSHAD S/O KHALIL URREHMAN** hereby declare that I have changed my name as **MO IRSHAD S/O KHALIL URREHMAN** so, from now and in future I will be known by my new name.

**MO IRSHAD S/O KHALIL URREHMAN**
Address : 30, Ward No. 36 Indira Colony Nurani Masjid Ke Pass, Bagh Bhavan Khandwa (M.P.)

## संतरागाछी-अजमेर के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रतलाम** दशहरा, दीपावली, छठ पूजा के दौरान यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यामन में रखते हुए तथा अतिरिख यात्रियों को समायोजित करने के लिए पश्चित रेलवे रतलाम मंडल के चंदेरिया स्टे शन पर ठहराव के साथ संतरागाछी से अजमेर के मध्यम गाड़ी संख्याज 08611/08612 संतरागाछी अजमेर संतरागाछी स्पेंशिल ट्रेन दोनों दिशाओं में आठ-आठ फेरे चलेगी। गाड़ी संख्याद 08611 संतरागाछी अजमेर स्पे-शल 30 सितम्बरर, 2024 से 18 नवम्बार, 2024 तक संतरागाछी से प्रति सोमवार को 22.40 बजे चलकर रतलाम मंडल के चंदेरिया( 11.05/11.30, बुधवार)होते हुए प्रति बुधवार को 15.00 बजे अजमेर पहुँचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्याध 08612 अजमेर संतरागाछी स्पे शल 03 अक्टूबर, 2024 से 21 नवम्बार,2024 तक अजमेर से प्रति गुरूवार को 23.40 बजे चलकर रतलाम मंडल के चंदेरिया( 02.45/03.25,शुक्रवार) होते हुए प्रति शनिवार को 14.20 बजे संतरागाछी स्टे5शन पहुँचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में खड़गपुर, टाटा, चाण्डिल, मूरी, रांची, टोरी, बरवाडीह,डाल्ट/नगंज, गढ़वा रोड, रेणुकूट,सिंगरौली, महदेईया, सरईग्राम,ब्योटहारी, खन्नो बंजारी, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, बीना मालखेड़ी, अशोकनगर, गुना, रुठियाई, अटरू, बारां, सगोरिया, बूंदी, मांडलगढ़, चंदेरिया, भीलवाड़ा, बिजयनगर एवं नसीराबाद स्टेसशनों पर ठहराव रहेगा। इस ट्रेन में थर्ड एसी, स्ली,पर एवं सामान्ये श्रेणी के कोच रहेंगे।

## घटिया रोड की पोल खुली लोगों के चोटी ले व गिर ने हाथ पैर तुड़ने की घटनाएं बड़ी



**ओंकारेश्वर ( ललित दुबे )।** ज्योतिर्लिंग आने वाला मार्ग घटिया निर्माण के चलते डामर की परत उखड़ गई है जिससे आए दिन मोटरसाइकिल सवार फिसल कर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं यह बने हुए डामरीकरण रोड पर एमपी एसआरडीसी द्वारा ठेकेदार से पिछले वर्ष ही इस पर डामर की परत बिछाई थी जो की घटिया कार्य होने के कारण बारिश में पूरी की पूरी परत जगह-जगह से उखड़ गई है इसको लेकर आए दिनश्रद्धालुओं को गिरने चोटीले होने की घटनाएं अब बढ़ने लगी हैपिछले दिनों में कई मोटरसाइकिल सवार गिरने के कारण चोटील हुए हैं रविवार कोओंकारेश्वर स्वर्गीय लोकेंद्र सिंह बस स्टैंड के निकट ओंकारेश्वर के वैदिक ब्राह्मणपंडित अंतिम जोशीअचानक डामर की उखरती परत के कारण सफर करने के दौरान वहां फिसलने से सीधे हाथ में फैक्चर हो जाने के कारन डॉक्टर द्वारा पट्टा चढ़ाया गया ओंकारेश्वर विकास संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभाग एमपीएसआरडीसी के अधिकारियों को शिकायत की गई हैं ओंकारेश्वर सनावद मार्ग जर्जर होकर गढ़ों में तब्दील हो गया है आए दिन श्रद्धालु धूल मिट्टी में होकर मार्ग से गुजर रहे हैं भगवान ओंकारेश्वर की नगरी में आने वाले शिव भक्त ओंकारेश्वर मार्ग को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं अब करने लगे हैं रोड में हुए भ्रष्टाचार की परते अब धीरे-धीरे खुलने लगी है क्षेत्र के सांसद विधायक से शीघ्र ही रोड के दृष्टि कारण की मांग ओंकारेश्वर विकास संदर्भ समिति पदाधिकारी द्वारा की गई है.



## भारतीय सेन समाज की बैठक में लिया निर्णय

**कसरावद**

कसरावद बसंत पंचमी पर होगा सेन समाज का सामूहिक विवाह, दिलीप सेन बने अध्यक्ष कसरावद भारतीय सेन समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बसंती पंचमी 2025 में समाज के सामूहिक विवाह आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सामूहिक विवाह आयोजन समिति का गठन किया गया। जिसमे सर्वानुमति से अध्यक्ष दिलीप सेन बड़गांव को बनाया गया। उपाध्यक्ष पद पर कपिल सेन, नारायण सेन, हेमराज सेन कोषाध्यक्ष शंकर सेन सचिव संजय सेन सहसचिव लोकेंद्र सेन सचिन सेन संगठन मंत्री पूनम सेन, अमर सेन, नानूराम सेन, ज्ञानू सेन, राहुल सेन मीडिया प्रभारी चंद्रशेखर सेन, सुनील सेन संरक्षक देवनाराय सेन रमेश सेन को बनाया गया। सामुहिक विवाह समिति सदस्य सुगंधचंद्र सेन, यशवंत सेन, संदीप सेन, राम सेन धीरज सेन प्रदीप सेन,कान्हा सेन, बबलू सेन, अरविंद सेन, विजय सेन, मनोज सेन, राजेन सेन, सुनील सेन,महेश सेन महेंद्र सेन को बनाया गया। सेन समाज धर्मशाला कसरावद के अध्यक्ष संजय सेन से



उपस्थित समाजजनो का आभार माना।

## मान और अहंकार त्याग की उपासना है

**कसरावद**

कसरावद जैन धर्म का सबसे पवित्र पर्व पर्युषण पर्व कहलाता है। जैन समाज अध्यक्ष अविनाश जैन ने बताया कि पर्व के दौरान प्रतिदिन नित्य नियम अभिषेक पूजन अर्चन किया जा रहा है। समाज के परिमल जैन व सिद्धार्थ जैन ने ग्रथांनुसार बताया कि उत्तम मार्दव धर्म का पालन करने से व्यक्ति के अंदर का अहंकार का भाव मर्दन होता है ।तब वह सच्ची विनयशिलता को प्राप्त कर उसका मन मृदुला के भाव से भर जाता है जबकि दूसरी ओर मार्दव धर्म नहीं अपनाने वालो में मान कसाय के प्रवेश से उनका मैं अहंकारी बन जाता है ।जिसके प्रभाव में वह अकड़पन के कारण दूसरों को तुच्छ समझते हैं ।ऐसे अनेकों नेता, व्यापारी अपनी छवि धूमिल कर चुके हैं। मिडिया प्रभारी आयुष जैन ने बताया कि रात्रि में मंदिर जी में प्रतिदिन भजन एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । आरती के पश्चात भारत गौरव गणिनीप्रमुख आर्यिका शिरोमणि श्री ज्ञानमती माताजी के जीवन





12 अगस्त से था लापता 21 अगस्त को गुमशुद्धि दर्ज कराई थी कसरावद थाने पर

# गुम व्यक्ति का शव मिला, कंकाल में हुआ तब्दील

**कसरावद**

कसरावद तहसील के ग्राम छोटी कसरावद में एक व्यक्ति का शव मिला है मृतक की शिनाख्त मडिया पिता पोपडीया 55 वर्ष निवासी वार्ड 3 कसरावद के रूप में हुई,अधिक समय हो जाने से शव की स्थिति नर कंकाल के जेसी हो गई थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छोटी कसरावद स्थित पहाड़ी के पास एक व्यक्ति का शव(कंकाल) होने की सूचना मिली,सूचना मिलते ही एसडीओपी मनोहर सिंह गवली,थाना प्रभारी मंशाराम रोमड़े,फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मोका मुआयना कर शव के शिनाख्त की कार्यवाही की। इस दौरान मृतक के कपड़ो से मृतक की पहचान मडिया पिता पोपडीया 55 वर्ष निवासी वार्ड 3 कसरावद के रूप में उसके बेटे दिलीप ने की,उसने बताया की पिता विगत एक माह से घर से लापता थे, कुछ दिनों से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी जिसकी गुमसुदगी हमने कसरावद थाने पर करवा रखी थी। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

# ग्राम पंचायत कंवलावासियों को पंचायत ने कराई वाय-फाय की निःशुल्क सेवा

## भानपुरा से मिनी गोवा तक डबल सीसीसीसी रोड का निर्माण है आवश्यक

**भानपुरा (मन्दसौर) ।** जनपद पंचायत भानपुरा की ग्राम पंचायत कंवला जो तहसील मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर स्थित है की सरपंच श्रीमती कंकू बाई जय कुमार गौड़ ने ग्राम पंचायत वासियों को ग्राम पंचायत भवन से 200 मीटर के क्षेत्र में जिओ कंपनी की वाय-फाय सुविधा निन्शुल्क रूप से शुरु कर बेहतर सेवा प्रदान की है। ग्राम पंचायत कंवला की लगभग 5000 आबादी व 2700 मतदाताओं के जरुरतमंद मोबाईल धारकों में से कई अब यहां ग्राम पंचायत कंवला के भवन के आसपास आकर मोबाइल सेवा का बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत वासी एवं ग्रामीण जन लाभ ले रहें हैं। सरपंच प्रतिनिधि एवं भाजपा युवा नेता जय कुमार गौड़ ने बताया कि ग्राम पंचायत के चुनाव 22 सितंबर 2022 को संपन्न होने के



मात्र एक माह ग्राम पंचायत मुख्यालय कंवला के 10 मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे ग्राम पंचायत द्वारा लगा दिए गए थे, यहां पहले अनेक चोरी व आपराधिक घटनाएं हुई जिन पर अब सीसीटीवी कैमरे लगने से लगाम लगे में सफलता प्राप्त हुई है श्री गौड़ ने बताया कि कुछ सालों पहले जग जाहिर एवं लोकप्रियता प्राप्त कर रहा पर्यटन क्षेत्र चंबल नदी का आकर्षण किनारा... मिनी गोवा.. भी अब आसपास ही नहीं सैकड़ो किलोमीटर दूर निवास रत पर्यटन प्रेमियों के दिलों में बसा है यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक आ रहे हैं। श्री गौड़ ने बताया कि इससे स्थानीय रोजगार बड़ा है वहीं कंवला भानपुरा के बिच बरखेड़ी गांव सडक् मार्ग की निर्माणाधीन पुलिया बनने से आने जाने वालों को अच्छी सुविधा मिलेगी ।

श्री गौड़ के अनुसार क्षेत्रीय विधायक चंदर सिंह सिसोदिया एवं क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता से मांग की है कि भानपुरा से कंवल 10 किलोमीटर व यहां से 3 किलोमीटर दूर मिनी गोवा तक डबल सीसी रोड़ निर्माण करवाया जाना अत्यधिक आवश्यक है। मिनी गोवा आने वाले वाहन चालकों को जो सैंकड़ों से लेकर हजारों की संख्या में आतें है व समय-समय पर पर्यटकों की संख्या बढ़ती रहती है सीसी रोड़ बन जानें से मिनी गोवा में अन्य अनेक सुविधा बढ़ जाएंगी जिससे स्थानी रोजगार के साथ-साथ पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा।

# मेघवाल समाज त्रैमासिक जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

**मन्दसौर ।** दशपुर कुंज में त्रैमासिक जिला स्तरीय मेघवाल समाज विकास परिषद की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमे प्रभुलाल सुर्यवंशी प्रदेशाध्यक्ष मुख्य आतिथ्य एवं मांगीलाल कमलवा प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ रामनारायण पँवार प्रदेश सचिव,घनश्याम सिंघानिया प्रदेश प्रवक्ता ओर राधेश्याम गौरवी जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई । वरिष्ठजन,संगठन पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे । बैठक में मुख्य रूप से छात्रावास भूमि पर चर्चा एवं कई बिंदुओं पर चर्चा की गई । बैठक पश्चात द्वारा मालवा गौरव से सम्मानित पारस रायकवार पी.एस. कोचिंग के संचालक का शाल श्रीफल एवं बाबा साहब का छायाचित्र भेंटकर सम्मान किया गया । बैठक में इस अवसर पर जिला व तहसील कार्यकारिणी के शोभाराम सुर्यवंशी, रामदयाल सुर्यवंशी , रामेश्वर राठौर ,रामचंद्र डांगी , नागुलाल डांगी , रामलाल बडग़ोती , बाबुलाल सुर्यवंशी फौजी ,नागुलाल डांगी , कैलाश सुर्यवंशी , वरदीचंद श्रीमाल , सुंदर बडग़ोत , मोहनलाल राठौर , शान्तिलाल पोखरवाल , राधेश्याम सिनम , रवि परमार , कारूलाल सुर्यवंशी ,मुकेश सुर्यवंशी , घनश्याम कमलवा , मदन परिहार , डॉ. दुर्गाशकंर सुनार्थी , प्रकाश रांगोठा , कैलाशचंद्र धानिया , लालूराम सुनार्थी , सत्यनारायण पोखरवाल , भुवानी राम गेहलोत , कृष्णपाल बमुनिया , घनश्याम परमार , कुलदीप सुर्यवंशी , नागुलाल सुर्यवंशी , समरथ राठौर , गोरधनलाल सिनम , अर्जुन सुर्यवंशी सहित अनेक पदाधिकारी व समाजजन उपस्थित थे । बैठक का संचालन घनश्याम जी सिंघानिया प्रदेश प्रवक्ता ने किया व आभार राधेश्याम सिनम जिला सचिव ने माना यह जानकारी सुरेश भैसावल जिला प्रवक्ता द्वारा दी गई ।

# सभी मनुष्यों में चैतन्य शक्ति एक समान होती है - स्वामी आनन्दस्वरूपानंदजी सरस्वती

**मन्दसौर।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्दस्वरुपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात- 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।

सोमवार को धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने ज्ञान के के बारे में बताते हुए कहा कि शास्त्रों में भगवान कहते हैं कि जिस व्यक्ति को ज्ञान का बोध हो जाता है वह व्यक्ति संसार से परे हो जाता है। आपने कहा कि शरीर बिना आत्मा के कुछ नहीं है।

आत्मा जिसे हमें चैतन्य कहते है वह सभी मनुष्यों में एक जैसी होती है। व्यक्ति कर रंग अलग हो सकता है, व्यवहार, भाव, विचार, मन में भिन्नता हो सकती है लेकिन शरीर के अंदर चैतन्य सबकी एक ही होती है और उसमें ईशवर का वास होता है। जो व्यक्ति इस ज्ञान को जान लेता है वह सांसारिक मोह माया से परे हो जाता है। आपने कहा कि सांसारिक जीवन कुछ नहीं है, यह मात्र मरू भूमि में जल का आभास होने जैसा है इससे ज्यादा कुछ नहीं जिसने यह जान लिया वह आत्म कल्याण के मार्ग पर निकल जाता है। आत्म ज्ञान होने पर व्यक्ति ससांर से मुक्त हो जाता है। प्रभु भक्ति कर इस ज्ञान को प्राप्त किया जा सकता है। आपने कहा कि पुस्तक में लिखे ज्ञान और विज्ञान में बहुत फर्क होता है। पुस्तक से हमें ज्ञान प्राप्त हो सकता है लेकिन अनुभव नहीं है अनुभव हमें निरंतर अभ्यास करके ही प्राप्त होता है। इसलिए जीवन में जहां से प्राप्त हो वहां से ज्ञान प्राप्त करों आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त करों और जीवन के अनुभव में उसे उतारों फिर देखों यह संसार आपको मिथ्या लगने लगेगा और ईश्वर ही सत्य है यह मन मान लेगा। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

# असफलता को देख युवा पीड़ी नहीं घबराए

## गायरी समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

**मन्दसौर।** वर्तमान समय हरेक के लिये चुर्नाती पूर्ण है। असफलता को देख युवा पीड़ी नहीं घबराए, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के सभी मिलकर प्रयास करें। ये बात शिक्षाविद् श्यामलाल चौधरी ने कही।

वे ग्राम भून्याखेड़ी में शासकीय अशासकीय कर्मचारी एवं प्रबुद्धजन महासंघ धनगर गायरी समाज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बिना लक्ष्य के कोई कार्य सिद्ध नहीं होता। समाजसेवी एवं शिक्षाविद् रामलाल धनगर ने कहा कि युवा पीड़ी महापुरूषों से प्रेरणा लेकर अपना जीवन समृद्ध करें। विक्रम विद्यार्थी ने कहा कि बुद्धि, धन और शक्ति पर किसी वर्ग विशेष का अधिकार नहीं है। हर कोई इन क्षेत्रों में अपना स्थान बना सकता है। वरिष्ठ नेता श्री बद्रीलाल धनगर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि वीरम धनगर, जनपद सदस्य श्री बंसीलाल धनगर, उपप्राचार्य अखिलेश चड़ावत, वीरम धनगर साबाखेड़ा, नरेन्द्र पाठोद, श्याम धनगर, रामप्रसाद धनगर, प्रभुलाल धनगर, रमेशचन्द्र डिगा, अमृतराम धनगर, राधेश्याम धनगर, दशरथ धनगर भून्याखेड़ी ने समाज में शिक्षा के व्यापक प्रचार प्रसार पर बल दिया। शासकीय अशासकीय कर्मचारी एवं प्रबुद्ध महासंघ जिला अध्यक्ष श्री अम्बालाल धनगर, कोषाध्यक्ष राजेश धनगर ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश धनगर, दशरथ धनगर, रमेशचन्द्र डिगा, अमृतराम काटकड़, पुष्कर धनगर ने सोनू गायरी जाजली, जया चौधरी पल्दूना, ज्योत्रिज धनगर जीरन, जया गायरी कोदीनेरा, रंजना धनगर चौथखेड़ी, निकिता धनगर खिलचीपुरा, भावना धनगर, रानू काटकड़, नीलेश धनगर, ललिता काटकड़ सहित 25 प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। संचालन कोषाध्यक्ष श्री राजेश धनगर ने किया व आभार जिला अध्यक्ष श्री अम्बालाल धनगर ने माना।

# मेहनत और समर्पण से मंदसौर जिले को प्रदेश में लायेगें अव्वल - श्री अटोलिया

**मंदसौर ।** जिला मुख्यालय मंदसौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने सदस्यता अभियान अंतर्गत मंदसौर उत्तर एंव मंदसौर दक्षिण मंडल की संयुक्त बैठक ली। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री गण विजय अठवाल, राजेश दीक्षित, राजेश नामदेव, राजु चावला, नपाध्यक्ष रमा देवी गुर्जर, पुलकित पटवा, अरविंद सारस्वत मंचस्थ थे।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा की मंदसौर जिले के भाजपा के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की मेहनत और समर्पण के बल पर हम सदस्यता महा अभियान में लगातार टॉप 10 में भी सर्वोच्च पायदान पर आ रहे है। प्रदेश नेतृत्व ने हमें 3 लाख सदस्यों का लक्ष्य दिया है। जिसकी और हम निरंतर बड़ रहे है। मंदसौर शहर में भी आप सभी के समर्पण से सदस्य संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। कल भाजपा की वर्चुअल संभागीय बैठक में भी मंदसौर जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं के समर्पण की प्रंशसा हुई। जिला मुख्यालय मंदसौर दोनो ही मंडलो के समस्त पदाधिकारीगणों एंव पार्षदगणों से मेरा आग्रह है की



प्रत्येक वार्ड में कम से कम 700 से अधिक सदस्य बनायें। इसके लिये प्रत्येक वार्ड से कम से कम 7 कार्यकर्ता अपनी आईडी पर 100 सदस्य बनाये जिससे वह सक्रिय सदस्यता की पात्रता प्राप्त कर लेगें। बैठक को जिला प्रभारी एंव भाजपा जिला महामंत्री राजेश दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री विजय अठवाल, उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत ने संबोधित किया । आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव ने माना।

बैठक में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन, भाजपा मंडल महामंत्री मयंक मावर, देवेन्द्र मरच्या, अर्चना गुप्ता, दिनेश नागर, आशीष गौड़, सुनिता गुजरिया, सुनिता भावसार, दिपक गाजवा, नरेन्द्र बंधवार, कमलेश सिसोदिया, शहजाद पटेल, राजेश सोनी, राकेश भावसार, युसुफ गौरी, अनुप माहेश्वरी, अरूण भावसार, धर्मेन्द्र जटिया, इमरान अब्बासी, नंदलाल गुजरिया, पिंकेश कुमावत सहित मंडल में निवासरत पदाधिकारी एंव कार्यकर्तागण उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी ।

इकतारा बोले....

डॉ टी महादेव राव
विशाखापटनम
9394290204



## स्कीम बनाओ स्केम करो

वर्षों तक नेताओं और उनके शासन को याद रखें इसके लिए क्या किया जाना चाहिए? चार अच्छे काम किए जाने चाहिए। चार लोगों की सेवा करनी चाहिए और जनता के लिए कल्याणकारी काम करते हुए शासन चलाना चाहिए। अगर जनता नेताओं के यादों से ही हमेशा घिरे रहें उसके लिए क्या करना चाहिए? शहर शहर, गांव गांव नेताओं के पोस्टर, बैनर और होर्डिंग्स लगाकर धूम मचाना चाहिए। शहर भर पार्टी के रंगों को पोतकर भारी मेले का एहसास कराते रहना चाहिए। यह तो अब भी हो रहा है और क्या-क्या किया जाना चाहिए? आंध्र प्रदेश के सरकार की तरह वृहद कार्यक्रम के तहत घर घर दरवाजों पर पोस्टर चिपकाना चाहिए। हाथों में सबके जो विराजमान है उन सेलफ़ोनों पर भी प्रचार के स्टिकर लगाए जाने चाहिए। और क्या क्या किया जा सकता है? प्रचार की कोई सीमा थोड़े ही है। हम कहीं तक भी जा सकते हैं। नेता, पार्टियों और योजनाओं के नाम पर गोदना वही टैटूज गुदवाना चाहिए। जिस किसी का चेहरा भी देखोगे तो नेता ही नेता दिखाई देंगे। पति अगर पत्नी को देखें तो भी बीच में नेताओं के चित्र ही होंगे। धरती पर से देखें तो चंद्रमा पर भी हमारे महान नेता अपने नाम खुदवा देंगे। दूसरे प्राणियों से मनुष्य को और मनुष्यों से नेताओं को अलग करना ही प्रचार का मुख्य उद्देश्य होता है। लेकिन इतने प्रचार का लालच क्यों?

यह तो सबको मालूम है कि करने से ज्यादा कहते हुए घूमने वालों को ज्यादा प्रचार मिलता है यह पुराना ही सही लेकिन समय की परीक्षाओं से खरा उतरा हुआ खरी उतरी हुई बात है। कहा जाए तो अच्छे काम के लिए किए गए खर्चे से ज्यादा उसके प्रचार प्रसार के लिए करने वाला खर्चा कुछ ज्यादा ही होता है। खुद पर विश्वास न हो तभी प्रचार का प्रचार पर विश्वास किया जाता है, ऐसा कहते हैं। तो फिर किए गए काम चार लोगों को बताएं और करने वाले काम चालीस लोगों को बताएं, जिन कामों को नहीं किया गया है उसे चारों दिशाओं में प्रचार करना चाहिए ऐसा नेताओं का सिद्धांत है। कम ही जनता की सेवा क्यों न करें उसे सारे लोगों को बता कर ही उसका फायदा उठाया जा सकता है। अगर हर काम जनता को पता हो, यही नेताओं का उद्देश्य है तो सुबह से शाम तक जो भी काम करते हैं जनता के लिए ही है तो बहुत सारी बातें हैं वह सारे काम छुप-छुपकर क्यों किए जाते हैं? मुर्गी खा रहे हैं इसका यह मतलब नहीं कि गले में उसकी हड्डियां डाले फिरें। इसलिए कुछ चीजें छुपाई जाती हैं जैसे वयस्कों के लिए जो फिल्में होती हैं बच्चों से छुपाया जाता है। इसी तरह राजनेताओं के जीवन चित्रों में सामान्य जन न देखें ऐसे चित्र बहुत सारे होते हैं, इसलिए ऐसे सारे काम सुरक्षित रूप से कर लेते हैं। वह भी जनता के लिए और समाज के अच्छे के लिए ही है, ऐसा सोचा जाना चाहिए। इसके अलावा में नेताओं का कोई दुरुद्देश्य नहीं होता। किसी भी काम में बिना फायदे के नेता कोई काम नहीं करते। घर के पिछवाड़े से आ रहे फायदों को बिना आवाज किए ले लेते हैं। जेब में आने वाले घोटालों के पैसे तो ऐसे गायब हो जाते हैं जैसे गधे के सिर से सींग। ऐसे घोटाले किसी को पता नहीं होने चाहिए। जनता के बीच बांटे जाने वाली छोटी बड़ी रेवड़ियों कि स्कीम तो सारे लोगों को पता होना चाहिए। उसका गुणगान किया जाना चाहिए, क्योंकि वोट झड़ने चाहिए। ये सारी योजनाएं वोटों के शिकार के लिए उपयोग में लाने वाले चाल हैं। उन्हें बड़े पैमाने पर प्रचारित करें ताकि फिर से सत्ता हथिया सकें।इसका मतलब स्कीम हों या स्केम हो उन्हीं का फायदा है। मतलब यही न कि पत्थर कोई भी हो टूटना जनता के दांतों को ही है। वही तो। ध्यान रखो नेता कोई भी काम करे तो उसके पीछे एक परमार्थ होता है। स्कीम है तो वोट और स्केम है तो नोट। सारा समेटने के धंधे हैं ये सारे। यही सच है। घर के महिलाओं को पद मिले तब भी शासन यही पुरुष नेता चलाएँगे। भाषणों में स्त्री पक्षपाती होने का कोरा दंभ भरते हैं। अपने क्षेत्र के गरीबों को इंसान भले ही न मानें , लेकिन जब फोटो और कैमरे कि बात आती है तो उनके घरों में पंगत में खाना खाते, उन्हें गले लगाते, उनके बछों के संग फोटो खिंचवाते ---इस तरह प्रेम दिखाने के पीछे वोट बटोरने के स्कीम हैं। नेताओं के हर काम के पीछे इन स्कीमों और स्केमो का भूत बढ़ा हाथ है और इनके लिए प्रचार ही प्राणवायु है।

## जुआरियों को पकड़ हजारों रु. तथा ताश गड्डी जब्त

**इन्दौर ।** मुखबिर सूचना पर तीन अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेल रहे जुआरियों को पकड़कर उनके पास से हजारों की नकदी व ताश पत्ते जब्त किए हैं। शिप्रा थाना पुलिस ने मांगलिया स्थित एक प्रेस के पीछे जुआ खेल रहे चेतन निवासी सनावदिया रोड बिहाड़िया, राजेश व भगवान निवासी बजरंग नगर काकड़ को पकड़ा, तलाशी में उनके पास से 3 हजार नकद व ताश पत्ते मिले। वहीं बेटमा थाना पुलिस ने देपालपुर रोड स्थित एक निर्माणाधीन कॉलोनी में जुआ खेल रहे बदीपुरा के कालू उर्फ विक्की, धार दरवाजा के विकास, भवन बेटमा के राहुल, ग्राम खेरोद के बलवंत, शंकरपुरा के जादूसिंह, ग्रीड रोड के दौलत को पकड़ा।

# 32 करोड़ की चपत के साथ एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट पहुंचा कूड़ेदान में

## ठेका निरस्त करने पर लोक निर्माण विभाग को देना पड़ेगी हर्जाना राशि

### एलआईजी, पलासिया, व्हाइट चर्च, जीपीओ, नवलखा पर बन सकेंगे फ्लायओवर

**इंदौर ।** आखिरकार बीते कई सालों से फाइलों और बहसों में चल रहा एबी रोड का एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट कूड़ेदान में पहुंच ही गया। 306 करोड़ का टेंडर तीन साल पहले लोक निर्माण विभाग ने इस कॉरिडोर के लिए मंजूर किया था और कुछ दिनों पूर्व पाइल टेस्टिंग भी मौके पर शुरू करवा दी थी।



मगर बाद में काम रोक दिया, जिसका खुलासा भी अग्निबाण ने ही किया था। अब मुख्यमंत्री ने कल इस एलिवेटेड कॉरिडोर की जगह आधा दर्जन फ्लायओवर बनाने के निर्देश दिए हैं। लगभग 32 करोड़ रुपए की चपत इस प्रोजेक्ट मेंपड़ेगी, क्योंकि ठेकेदार फर्म को ये हर्जाना राशि चुकाना पड़ेगी। आधा दर्जन नए ओवरब्रिज एलआईजी, पलासिया, व्हाइट चर्च, जीपीओ और नवलखा चौराहा पर बनाए जा सकते हैं। पता नहीं किस मुहूर्त्त में प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने इस एलिवेटेड कॉरिडोर को दिल्ली जाकर मंजूर करवाया था। तत्कालीन मंत्री सज्जनसिंह वर्मा ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर 350 करोड़ रुपए की राशि मंजूर करवाई थी। उसके बाद फिर ड्राइंग-डिजाइन पर माथापच्ची हुई और लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली, लेकिन एलिवेटेड कॉरिडोर का काम ही शुरू नहीं हो सका। कुछ माह पूर्व मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस कॉरिडोर को लेकर बैठक बुलाई थी और उसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार और मंजूर की गई डिजाइन के मुताबिक काम शुरू करने के निर्देश दिए। इतना ही नहीं, उसके पहले मुख्यमंत्री ने भी उसका वर्चुअली भूमि पूजन कर दिया था। मगर बाद में जब डिजाइन को लेकर कई महत्वपूर्ण त्रुटियां सामने आई और सर्वे से यह भी खुलासा हुआ कि मात्र 3 फीसदी ही यातायात को फायदा मिलेगा, जिसके चलते पहले कलेक्टर आशीष सिंह ने भी इस कॉरिडोर का काम रूकवा दिया था और सिर्फ पाइल टेस्टिंग ही हो सकी। वहीं कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रभारी मंत्री के रूप में जो पहली समीक्षा बैठक की उसमें इस कॉरिडोर के प्रोजेक्ट को ही निरस्त करने के निर्देश दिए और उसकी जगह 6 ओवरब्रिज निर्मित करने का निर्णय लिया गया। यह भी उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग ने जब केन्द्र सरकार से 350 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई तब टेंडर के जरिए इस कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया और मार्च 2026 तक इसे पूरा करने का निर्णय भी ले लिया। मगर बीते सालों में इसकी ड्राइंग-डिजाइन और उपयोगिता को लेकर ही तमाम सवालउठते रहे। कम से कम आधा दर्जन बार जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों की बैठकें भी हुईं। मगर ड्राइंग-डिजाइन तय नहीं हो सकी। यहां तक कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव भी इसी बीच सम्पन्न हो गए। उसके बाद जब कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री बने तब उन्होंने पिछले दिनों एलिवेटेड कॉरिडोर को ही बैठक बुलाई और उसमें लोक निर्माण विभाग द्वारा ही तैयार डिजाइन पर काम शुरू करवाने के निर्देश दिए।

मगर सिर्फ पाइल टेस्टिंग तक ही काम हो सका। बाद में कलेक्टर ने न ए सिरे से स्टडी कराने का भी निर्णय लिया। वहीं कल मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में जब यह एलिवेटेड ब्रिज का मामला आया तो उनके सामने जब यह तथ्य प्रस्तुत हुआ कि इसकी उपयोगिता न्यूनतम है, तो उन्होंने इस प्रोजेक्ट को रद्द करने और उसकी जगह 6 फ्लायओवर एबी रोड बीआरटीएस कॉरिडोर पर बनाने के निर्देश दिए। यह भी उल्लेखनीय है कि सेतु बंधन योजना के तहत निरंजनपुर और सत्यसांई चौराहा पर फ्लायओवर का काम शुरू भी हो गया है और अब जो आधा दर्जन नए फ्लायओवर बनना है उस पर निर्णय होगा, लेकिन लगभग 32 करोड़ की चपत अवश्य इस प्रोजेक्ट में पड़ेगी।

# 100 करोड़ से ज्यादा जमा हो गए 3230 मजदूरों के खाते में

### मामला हुकमचंद मिल के मजदूरों की जमा पूंजी का, हाईकोर्ट के निर्देश पर 795 वारिसों के आवेदन पर बुलवाए दावे और आपत्तियां

**इंदौर ।** हुकुमचंद मिल के 5 हजार से अधिक मजदूरों को हाईकोर्ट निर्देश पर जमा राशि का भुगतान किया जा रहा है। हाउसिंग बोर्ड ने लगभग साढ़े 400 करोड़ रुपए का चेक कुछ समय पूर्व सौंपा, जिसमें बैंकों की बकाया राशि के साथ-साथ लगभग 229 करोड़ रुपए मजदूरों के भी हासिल हुए।



उसके बाद शासकीय समापक ने राशि देने की प्रक्रियाशुरू की और अभी तक 2825 जीवित मजदूरों के अलावा 405 विधवा महिलाओ के खातों में जमा पूंजी आ चुकी है। हुकुमचंद मिल के अध्यक्षनरेन्द्र श्रीवंश का कहना है कि लम्बा संघर्ष मजदूरों को अपनी जमा पूंजी हासिल करने में लगा और अब भी कई आवेदन फार्म छोटी-मोटी त्रुटि निकालकर रोक दिए, जिसके चलते हाईकोर्ट में फिर से गुहार करना पड़ी। अभी तक 3230 मजदूरों के खातों में राशि जमा हो चुकी है, जो कि लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक की है। वहीं कुल 1400 विधवा महिलाएं हैं, जिनमें से 405 को तो राशि मिल गई। वहीं लगभग 1 हजार महिलाओं के आवेदनों की जांच चल रही है। इसी तरह लगभग एक हजार वारिस यानी बच्चे भी हैं, जिनमें से लगभग सवा सौ विवादित आवेदन निकले, उनका भुगतान अभी रोक दिया है और लगभग 795 वारिसों की सूची का प्रकाशन पिछले दिनों समाचार-पत्रों में किया गया, ताकि दावे-आपत्तियां प्राप्त हो सके और उसके आधार पर इन वारिसों के खातों में भी जमा राशि आ जाएगी। श्री श्रीवंश के मुताबिक 2017 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश से 50 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान हुआ था और महिलाओं के आवेदन फार्मों को विधिक अधिकारी द्वारा जांचा गया और उसके बाद ही इन्हें पैसा भी मिला। लिहाजा उन महिलाओं के आवेदनों को पहले मंजूर करवाया। आने वाले दिनों में बचे लोगों को भी राशि दिलवाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## ब्लड कैंसर पीड़ित महिलाओं के लिए मेडिकल साइंस का चमत्कार

**इंदौर ।** जानलेवा ब्लड कैंसर से पीड़ित गर्भवती युवती ने शहर के सबसे बड़े गायनिक एमटीएच हॉस्पिटल में बिना ऑपरेशन के जुड़वां बच्चों को दिया है। जुड़वा शिशुओं जन्म के बाद, जंहा नवजात बालिका और बालक 2 दोनों स्वस्थ है तो वंही इनकी माँ सहित सारे परिजनो की खुशी का ठिकाना नही है। परिजनों का कहना है कि जानलेवा बीमारी के दौरान सामान्य डिलेवरी से जुड़वा बच्चो का जन्म और तीनो का सही सलामत होना यकीनन ,हमारे परिवार के लिए तो यह किसी चमत्कार या वरदान से कम नही है। ब्लड कैंसर से पीड़ित गर्भवती युवती का हॉस्पिटल में भर्ती किये बिना, इलाज करने वाले सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल अधीक्षक डाक्टर्स सुमित शुक्ला सहित मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर अक्षय लाहौटी ने बताया कि क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया नाम के ब्लड कैंसर से पीड़ित पीथमपुर इलाके की यह 22 वर्षीय युवती को जब उसके परिजन ले कर पहली बार इलाज कराने आये तब पीड़िता को लगभग 25 सप्ताह का गर्भ था।

सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डाक्टर्स के सामने सबसे बड़ा चैलेंज यह था कि गर्भवती होने के चलते गर्भवती युवती के इलाज में न ज्यादा गर्म दवाइया दे सकते थे न ही कीमो थेरेपी के अलावा रेडिएसन से सम्बंधित किसी अन्य थेरेपी का इस्तेमाल कर सकते थे। आखिरकार सीनियर सर्जन डाक्टर्स शुक्ला और डॉक्टर लाहौटी ने निर्णय लिया कि गर्भवती पीड़िता को हॉस्पिटल में बिना भर्ती किये उसकी डिलीवरी तक न सिर्फ इलाज करना है बल्कि निगरानी रखते हुए हर दिन की मेडिकल रिपोर्ट पर सुबह शाम नजर रखना है। यह निर्णय लेने के बाद क्लिनिकल हेमेटोलॉजी की टीम ने इलाज शुरू कर दिया।

बिना भर्ती किये ब्लड कैंसर से पीड़ित गर्भवती युवती के 3 महीने तक चले सफल इलाज का सकारात्मक परिणाम तब सामने आया । जब एमटीएच हॉस्पिटल की सीनियर गायनेकोलजिस्ट डाक्टर सुमित्रा यादव की निगरानी में गर्भवती पीड़िता ने बिना ऑपरेशन के प्राकृतिक तरीके से स्वस्थ जुड़वा बालक, बालिका को जन्म दिया। यकीनन यह मामला मेडिकल साइंस में किसी चमत्कार से कम नही है। इलाज करने वाली क्लिनिकल हेमेटोलॉजी टीम का कहना है कि जानलेवा ब्लड कैंसर बीमारी से पीड़ित गर्भवती युवती का सम्पूर्ण रूप से जुड़वा स्वस्थ बच्चो को जन्म देना कैंसर से पीड़ित उन महिलाओं के लिए आशा की नई किरण है जिन्होंने इस बीमारी के डर से मां बनने की उम्मीद छोड़ चुकी है या छोड़ दी है।

## वाहन चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**इंदौर ।** संयोगितागंज पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले बदमाश को गिरफ्तार कर,उसके कब्जे से चोरी की तीन मोटर साईकलें बरामद की ।विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शहर मे हो रही वाहन चोरी की घटनाओ की रोकथाम व अपराधियो की धरपकङ के लिये वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सहायक पुलिस आयुक्त संयोगितागंज तुषार सिंह के निर्देशन मे थाना प्रभारी संयोगितागंज सतीष पटेल द्वारा टीम गठित की गई । टीम द्वारा घटना की गंभीरता को समझते हुए मुखबीर की सूचना एवं टेक्निकल साक्ष्यों के आधार पर पर 7 सितंबर को संदिग्ध गुलजार एहमद खान उर्फ गोलु पिता मुखत्यार एहमद खान उम्र 41 साल निवासी 12 तात्या टोपे मार्ग नालछा दरवाजा धार थाना कोतवाली जिला धार हाल मुकाम 43 ग्रीन पार्क कालोनी शहजाद का मकान नुरानी नगर थाना चंदन नगर इन्दौर को पकड़ा उसकी निशानदेही से एक मोटरसाइकिल जिसका वाहन नम्बर एम पी 09 वी ई 1741 होना पाया गया जो कि थाना संयोगितागंज के अपराध क्रमांक 117/24 धारा 379 भादवि में चोरी गई मोटरसाइकिल होना पाई जाने से उक्त आरोपी के कब्जे से बरामद की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार कर उससे पुछताछ कर अन्य दो मोटर साईकल पेशन प्रो.लाल रंग एम पी 11 एम यू 3942 तथा मोटर साईकल हिरो होण्डा स्पलेण्डर काले रंग की जिसका नम्बर एम पी13इ एन 4815 को धारा 41,102 द.प्र.सं. व धारा 379 भादवि चोरी की शंका मे जप्त किया गया । आरोपी गुलजार एहमद खान से 3 मोटर साईकलों की बरामदगी की गई ,जिसमे से एक मोटर साईकल थाना संयोगितागंज क्षैत्र से चुराई थी,तथा एक मोटर साईकल थाना छोटीग्वालटोली व एक मोटर साईकल नोगाव जिला धार क्षैत्र से चोरी करना बताया ।

# सदस्यता अभियान में इंदौर के पांच विधानसभा क्षेत्र पिछड़े: मंत्री विजयवर्गीय और मेंदोला के क्षेत्र ने लाज बचाई

## क्षेत्र क्र. 3, 4, 5 के साथ राऊ-महू पिछड़े तो टॉप 10 में मल्हारगढ़, दूसरे-तीसरे नंबर पर इंदौर की 2 और 1 नं. विधानसभा

**इन्दौर।** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश संगठन द्वारा जारी आंकड़ों में इंदौर की पांच विधानसभाएं पिछड़ गई हैं। इनमें 3, 4 और 5 तथा राऊ शहरी विधानसभा हैं तो महू विधानसभा भी अभी तक टॉप 10 में शामिल नहीं हो पाई है।

प्रदेश का मल्हारगढ़ टॉप 10 में पहले नंबर पर रहा तो इंदौर के विधायक रमेश मेंदोला का विधानसभा क्षेत्र क्र. 2 और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का विधानसभा क्षेत्र क्र. 1 पूरे प्रदेश में दूसरे और तीसरे नंबर पर रहे।

हालांकि शुरुआती दो दिन में दो नंबर विधानसभा प्रदेश में अव्वल थी, लेकिन बाद में मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ विधानसभा प्रथम पर आ गई है। 4 सितंबर से शुरू हुए सदस्यता अभियान को लेकर दिल्ली और भोपाल से बराबर निगाह रखी जा रही है। प्रतिदिन विधानसभा स्तर पर डाटा एकत्रित किया जा रहा है। इस बार डाटा डिजिटली होने से शाम तक सभी की जानकारी मिल जाती है कि किस विधानसभा में कितने सदस्य बनाए गए हैं। उसके हिसाब से रेटिंग जारी की जाती है और टॉप 10 विधानसभा के साथ-साथ टॉप 10 जिले के नाम भी जारी किए जा रहे हैं। भोपाल द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक पूरे प्रदेश में जोर-शोर से यह अभियान चल रहा है। मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ विधानसभा पहले नंबर पर बनी हुई है, जहां सभी 230 विधानसभाओं से सर्वाधिक सदस्य बनाए गए हैं। दूसरे नंबर पर विधायक रमेश मेंदोला की दो नंबर विधानसभा है तो तीसरे नंबर पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा है। चौथे नंबर पर फिर मंदसौर जिले की गरोठ विधानसभा है। छिंदवाड़ा पांचवें नंबर पर है, जहां भाजपा ने लोकसभा चुनाव में तोड़फ़ोड़ मचाई थी। छठे नंबर पर देपालपुर विधानसभा है तो मंदसौर और सुवासरा विधानसभा सातवें और आठवें नंबर पर बनी हुई हैं। एक तरह से देखा जाए तो मंदसौर और इंदौर जिले की चार-चार विधानसभा टॉप 10 में शमिल हैं। मंत्री तुलसी सिलावट की सांवेर विधानसभा ने भी बढ़त बनाई है और वह टॉप 10 में आठवें नंबर पर नजर आ रही है, वहीं सिलावट के प्रभार वाले जिले की ग्वालियर विधानसभा 10वें नंबर पर है। टॉप 10 में 3, 4, 5, राऊ और महू विधानसभा को अभी तक जगह नहीं मिल पाई है। बताया जा रहा है कि यहां काम धीमी गति से चल रहा है, जिसको लेकर प्रदेश संगठन ने निर्देश दिए हैं कि यहां का काम बढ़ाया जाए। इसके बाद अब विधायक और पार्षदों को सदस्यता के काम में कसावट लाने को कहा गया है।



### शुरुआत में अव्वल थी दो नंबर विधानसभा

सदस्यता अभियान की शुरुआत में विधायक रमेश मेंदोला की विधानसभा में सर्वाधिक सदस्य बने थे। इस दौरान दूसरे नंबर पर छिंदवाड़ा, तीसरे नंबर पर मल्हारगढ़, चौथे पर देपालपुर और पांचवें नंबर पर गरोठ विधानसभा थी। 5 सितंबर को भी दो नंबर विधानसभा अव्वल रही, लेकिन दूसरे नंबर पर मल्हारगढ़ आ गई और छिंदवाड़ा चार नंबर पर खिसक गई। 6 तारीख को मल्हारगढ़ पहले नंबर पर आ गई और दो नंबर दूसरे नंबर पर। वहीं तीसरे नंबर पर देपालपुर तो चौथे नंबर पर छिंदवाड़ा और पांचवें नंबर पर गरोठ विधानसभा रही।

### शहर में टॉप 10 में मंदसौर नं. 1 तो दूसरे पर इंदौर

शहरी क्षेत्र की बात की जाए तो टॉप 10 शहरों में सदस्य बनाने में मंदसौर जिला अव्वल है। दूसरे नंबर पर इंदौर नगर है, जहां सबसे ज्यादा सदस्य बनाए गए हैं। तीसरे नंबर पर छिंदवाड़ा तो चौथे नंबर पर भोपाल नगर है। इंदौर ग्रामीण पांचवें नंबर पर है। वहीं छठे नंबर पर राजगढ़, सातवें पर देवास, आठवें पर सागर, नौवें पर धार और सबसे आखिरी में उज्जैन ग्रामीण है, जो दसवें पायदान पर है।




## गड्ढेदार सड़क फ़ायदेमंद है

मित्र कर्ण के चेहरे को तनाव से युक्त देखा तो पूछ बैठा, क्यों भई आज चेहरे पर वो चमक नहीं जो रोज नजर आती है क्या बात है?

क्या खाक आए चमक, आज मैं वर्षा की इस रिमझिम

के मूड में घर गया सोचा गरमागरम कुछ पकोड़े - वकोड़े बन जाए इसके लिए पत्नी की तारीफ में एक गाने की पंक्ति गाकर कसीदा कसा चांद जैसे मुखड़े पर बिंदिया सितारा तो वो भड़क उठी कि मेरे चेहरे पर क्या चांद जैसे गड्ढे हैं ? और ये बिंदिया क्या हमारे नगर गांव में सड़क के बीच में जगह जगह खुदे बड़े बड़े गड्ढों में उभर आई पत्थर की कीरच के समान है जो बाइक के टायर से उछलकर किसी के या तुम्हारे चेहरे पर घाव कर देगी।

आपकी पत्नी को सड़क के गड्ढों पर इतना गुस्सा क्यो है?

क्या बताऊं,मित्र कल मैं बाइक से सड़क के गड्ढों से बचता बचाता जा रहा था कि एक गड्ढे को बचाने के चक्कर में दूसरे गढ्ढे में बाइक चली गई, वो पीछे बैठी थी अचानक उछल पड़ी । फिर क्या था जो होना था सो हुआ । ऐसी सड़क को अखबार में चांद सी सड़क की उपमा देते हैं। पुराने जमाने में जब चांद की शकल अंतरीक्ष वैज्ञानिकों ने बताई नहीं थी तब चांद की उपमा अच्छी लगती थी । जब से चांद पर गड्ढों का पता चला है तब से चांद की सुंदरता का अर्थ ही बदल गया। पत्नी के चेहरे को चांद की उपमा देते वक्त मैं भूल गया कि वो विज्ञान की छात्रा रही है। ठीक कहा तुमने, ये कोई विदेशी विकसित राष्ट्र की सड़क तो है नहीं की जहां कहीं गड्ढे हो जाएं तो तुरंत निगम, पालिका, परिषद, पंचायत या लोक निर्माण विभाग गाड़ी लेकर भरने दौड़ पड़े । जब तक उखड़ी हुई खराब सड़कों पर कोई दुर्घटना हो जाए या अखबार वाले उसको छाप नहीं दें तब तक कोई सुनता या उस तरफ देखताईजी नी। हां ये बात तो है, हमारे पड़ोसी कार लेकर गांव गये थे अभी उनकी श्रीमतीजी बिस्तर पर पड़ी है, गांव की सर्पाकार सड़कें ऊपर से गड्ढे व कहीं कहीं ऐसे ऐसे ऊंचे ब्रेकर बना रखे हैं की संकेतक न बनाने से दिखतेइज नई । उनकी रफ्तार से जाती गाड़ी को ब्रेकर दिखा नहीं गाड़ी भचाक् भच्च हो गई थोड़ा सा संभले की आगे गड्ढे वाली सड़क आ गई पीछे सीट पर बैठी श्रीमतीजी सीट से उछलकर कार की छत से सिर टकराकर फिर धम्म, कुल्हे की हड्डी में जर्क आ गया क्या करें । डाक्टर का घर भरना और बिस्तर पर पड़ना किसी से कहो तो कहते हैं इसमें सड़क का क्या दोष? गड्ढे हैं तो हैं। तुम्हें देख कर चलना चाहिए। गड्ढे किसी के लिए लाभकारी हैं तो किस के लिए नुकसानदायक, पीड़ा दायक । गड्ढे जितने ज्यादा या बड़े होंगे बार बार होंगे लोग नेता को शिकायत करेंगे, नेता अधिकारी सुनवाई करेंगे, मांग की बार बार पूर्ति होती रहेगी तो वोट अच्छे मिलेंगे, बार बार बजट जारी होगा तो सबको सुकून मिलेगा । हम जब कर कंदुक या पद कंदुक खेलते थे तो खेल के दौरान सामने वाली टीम में कहां गड्ढा है तलाशते व बार बार कर कंदुक या पद कंदुक वहीं टपकाते थे। वो हमारे लिए फायदेमंद बन जाता। खराब सड़कें भी नेता व उसके बनाने वालों में ऊपर से नीचे तक सबके लिए फायदेमंद है। पूरे पैसे के उपयोग से अच्छी सड़क बना दो किसी को फायदा नहीं ।कई गांवों में कागज पर बनी सड़के सोने मे सुहागा गड्ढों का कोई काम ही नहीं ।

भगवती प्रसाद गेहलोत
पिपलिया स्टेशन जिला मंदसौर मध्य प्रदेश 458 664 मोबाइल 798704 8978

कार्टून कोना..........




# जल्द शुरू होगा छोला फ्लाईओवर का निर्माण

## मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने निर्माण को लेकर अधिकारियों की ली उच्च स्तरीय बैठक

### फ्लाईओवर निर्माण कार्य से रोज़ाना लाखों यात्रियों को होगा लाभ

भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को नरेला विधानसभा में भोपाल के प्राचीनतम श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर के विस्तृत स्वरूप श्री खेड़ापति हनुमान कॉरिडोर अंतर्गत छोला फ्लाईओवर के निर्माण के सम्बंध में अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली। मंत्री श्री सारंग ने कहा है कि फ्लाईओवर निर्माण को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये। यह फ्लाईओबर गणेश मंदिर छोला रोड से खेड़ापति हनुमान मंदिर के बाद और निशातपुरा स्टेशन के पहले तक बनेगा। रोज़ाना लाखों लोगों को मिलेगा लाभ



मंत्री श्री सारंग ने बताया कि यह पहला फ्लाईओवर होगा जो दो रेलवे लाइन को क्रॉस करते हुए जायेगा। यह फ्लाईओबर गणेश मंदिर छोला रोड से खेड़ापति हनुमान मंदिर के बाद और निशातपुरा स्टेशन के पहले तक बनेगा। अभी विदिशा, भानपुर चौराहा और खेड़ापति हनुमान मंदिर जाने वालों को दो-दो अंडरब्रिज से जाना पड़ता है। बड़े वाहन इन अंडरब्रिज से निकल नहीं पाते हैं इसलिए उन्हें घूमकर जाना पड़ता है। इसके बन जाने के बाद भोपाल स्टेशन से छोला व आसपास के क्षेत्र में आने जाने वाले लाखों यात्रियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि इस फ्लाईओवर के निर्माण से छोला अंडर ब्रिज पर जाम की स्थिति समाप्त होगी साथ ही पुराने शहर से नए शहर की ओर आवागमन के लिये यात्रा सुलभ होगी।

### श्री खेड़ापति हनुमान लोक का आकर्षण होगा फ्लाईओवर

श्री खेड़ापति हनुमान लोक कॉरिडोर के ऊपर से यह विशाल फ्लाईओवर गुजरेगा। इस फ्लाईओवर की खास बात यह है कि यह आर्च नुमा रूप में होगा। फ्लाईओवर का निर्माण यूनियन कार्बाइड के पास स्थित काली परेड से अयोध्या बायपास तक किया जाएगा। भाजपा सदस्यता अभियानः मंत्री श्री सारंग ने नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 75 के बूथ क्रमांक 54 में घर-घर पहुंचकर दिलाई भाजपा की सदस्यता सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तहत नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 75 के बूथ क्रमांक 54 में घर-घर जाकर नागरिकों को बीजेपी की सदस्यता दिलाई। मंत्री श्री सारंग ने 8800002024 पर मिस्ड कॉल कर नये सदस्यों को सदस्यता दिलाई। इससे पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर ज्यादा से ज्यादा सदस्य जोड़ने के लिए आह्वान किया। मंत्री श्री सारंग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश का एक मात्र ऐसी पार्टी है जो राष्ट्रहित के लिये कार्य करती है। भाजपा कार्यकर्ता अपने मन में अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण हेतु राजनीतिक क्षेत्र में कार्य करता है। बैठक के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर बढा देश का मान

मंत्री श्री सारंग ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर देश का मान सम्मान बढा है। आज पूरा विश्व भारत को आशाओं और आकांक्षाओं की दृष्टि से देख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत की साख दुनिया में बढी है, हर क्षेत्र में हमारा देश तीव्र गति से आगे बढ रहा है।

# सागर जिले के दो विधायक आमने-सामने बीना और खुरई में अस्तित्व बचाने का संघर्ष

इंदौर। निर्मला सप्रे कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ी थी। उन्होंने जीत हासिल की थी। भाजपा सागर के जिला अध्यक्ष गौरव सरोठिया बीना के मूल निवासी हैं। सागर के राहतगढ़ में मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित एक सभा मैं कांग्रेस विधायक निर्मला सप्रे ने भाजपा की सदस्यता मुख्यमंत्री के समक्ष ली थी। निर्मला सप्रे ने कांग्रेस की सदस्यता से त्यागपत्र नहीं दिया है। वह कहती हैं, जल्द ही विधायक पद से त्यागपत्र दूंगी।



हाल ही में विधायक निर्मला सप्रे ने बीना को जिला बनाने की हठ पकड़ ली है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष उन्होंने बिना को जिला बनाने की मांग रखी है।

मुख्यमंत्री ने बीना को जिला बनाने की सहमति दी थी। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह खुरई को जिला बनना चाहते हैं। जिसके कारण यह मामला दोनों के बीच अटक गया है। विधायिका की हठ है, बीना को जिला बनाया जाए।

सूत्रों की माने तो यदि बीना जिला नहीं बना। तो इस्तीफा देने के बाद निर्मला सप्रे उपचुनाव में बीना से नहीं जीत सकेंगी। इस कारण वह अपना इस्तीफा नहीं दे रही हैं।

वह भाजपा पर बीना को जिला बनाने का दबाव बना रही हैं। वहीं बीना से लगे खुरई विधानसभा के विधायक एवं पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह खुरई को जिला बनाने के लिए अड़ गए हैं।

जिला को लेकर अब बीना और खुरई के बीच में जंग छिड़ गई है। इसमें सागर जिले की भाजपा दो भागों में बंट रही है। जिसके कारण खुरई या बीना में से किसी एक को जिला बनाने की घोषणा नहीं हो पा रही है।

हाल ही में बीना विधायक निर्मला सप्रे का बयान सामने आया है। जिसमें वह कहती हैं, अगर बीना जिला नहीं बनेगा,तो खुरई भी जिला नहीं बनेगा। इस पर खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह ने कोई टिप्पणी नहीं की है। कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आने वाली विधायक की सौदेबाजी की चर्चा बीना एवं खुरई के के घर-घर में हो रही है।

भाजपा के पास विधानसभा में स्पष्ट बहुमत है।लोकसभा चुनाव खत्म हो चुका है। अब कांग्रेस विधायक की जरूरत भाजपा को नहीं रही। ऐसी स्थिति में भाजपा, खुरई विधायक भूपेंद्र सिंह को नाराज नहीं करेगी। लोगों का यह भी कहना है,बीना या खुरई में से किसे जिला बनाया जाएगा। इसका फैसला मुख्यमंत्री और भाजपा जल्दबाजी में करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसा लगता है कि अब यह मामला टल गया है।

अब निर्मला सप्रे के राजनीतिक भविष्य को लेकर चर्चा जरूर हो रही है। कांग्रेस के दरवाजे उनके लिए बंद हो चुके हैं। भाजपा को उनकी जरूरत नहीं है। निर्मला सप्रे बुरी तरह से फंस चुकी हैं। ऐसा लोगों का कहना है। वही बीना को जिला बनाए जाने को लेकर जो उत्साह बना था। वह अब उत्साह देखने को नहीं मिल रहा है।

## टिकट वितरण को लेकर नाराज नेताओं को बीजेपी ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों में टिकट वितरण को लेकर बीजेपी में खुलकर विरोध हो रहा है जिसके चलते कई नेताओं ने इस्तीफा भी दे चुके हैं। इस डैमेज कंट्रोल को सही करने में जुटी बीजेपी ने जम्मू कश्मीर में सत शर्मा को चुनावी केंद्र शासित प्रदेश का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है।

### पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को चुनाव प्रबंधन समिति का प्रमुख बनाया

पूर्व उपमुख्यमंत्री निर्मल सिंह को बीजेपी की चुनाव अभियान समिति का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है यह एक अहम जिम्मेदारी है जो चुनावी लड़ाई के लिए पार्टी की तैयारियों और रणनीतियों की देखरेख करेगी। चौधरी सुखनंदन को उनके अनुभव को देखते हुए चुनाव अभियान समिति का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

इसके अलावा, पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को चुनाव प्रबंधन समिति का प्रमुख बनाया है। यह बदलाव बीजेपी द्वारा जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की छठी सूची जारी करने के एक दिन बाद आया है। सूची में दस उम्मीदवार शामिल हैं, जिनमें पूर्व विधायक आरएस पठानिया उधमपुर पूर्व से चुनाव लड़ रहे हैं और बांदीपोरा जिला अध्यक्ष नसीर अहमद लोन अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र से लड़ रहे हैं।

पूर्व उपमुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता को बाहु सीट से हटा दिया है। अब तक बीजेपी ने 90 सीटों वाली विधानसभा में 59 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। कुल सीटों में से बीजेपी 67 पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है। एक दशक बाद यह विधानसभा चुनाव तीन चरणों में होगा। 18 सितंबर को पहले चरण में 24 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 25 सितंबर को दूसरे चरण में 26 सीटों पर वहीं 1 अक्टूबर को अंतिम चरण में 40 सीटें पर मतदान होगा। ये चुनाव इसलिए भी अहम हैं क्योंकि पांच साल पहले घाटी और राज्य का विशेष दर्जा देने वाले धारा 370 के निरस्त होने के बाद ये इस क्षेत्र के पहला चुनाव हैं। सभी पार्टियां चुनाव जीतने पर पूरा फोकस कर रही हैं।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com